नई दिल्ली
शुक्रवार 3 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 349
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 27
न्यून. 17

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



9 पंजाब किंग्स आत्मविश्वास से भरपूर सीएसके को पहली जीत की दरकार

VIDYAPEETH
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION

आपकी तैयारी का विश्वास

DELHI NCR में,
रोज़ तैयारी वाली progress

- Expert Faculties with Proven Track Record
- Tech-enabled Smart Classrooms
- All India Test Series with rigorous assessment and analysis
- Result oriented preparation methodology
- Personalized Mentorship
- 1 to 1 Doubt Support for clarity
- Numerous Success Stories in JEE, NEET & Olympiad

MEET OUR PW SUPERSTARS

MAJID MUJAHID HUSAIN IIT BOMBAY
KAVYA SHARMA IIT DELHI
SHAKSHAM JHA IIT DELHI
SUGAM THAKUR IIT BOMBAY
DEVRAJ AMOL PATIL AIIMS DELHI
VAISHNAVI DAS AIIMS RAIPUR
DASHRATH MEENA AIIMS RISHIKESH
ARGHYADEEP SAHA AIIMS BHUBANESWAR

Appear for PW SAT
PHYSICS WALLAH SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST

GET UP TO 90%* SCHOLARSHIP
*T&C Apply

ADMISSIONS OPEN
2026-27

Class 8th, 9th & 10th — Foundation Batch — 6th April 2026
Class 10th to 11th — JEE & NEET (UG) — 6th April 2026
Class 11th to 12th — JEE & NEET (UG) — 6th April 2026
Class 12th Pass Dropper Course — JEE & NEET (UG) — 21st April 2026

OUR PRESENCE IN DELHI NCR

VIDYAPEETH (OFFLINE CENTRES)
Delhi: Janakpuri | NSP (Pitampura) | Yamuna Vihar | Dwarka | Punjabi Bagh
Kalusarai | Saket | Preet Vihar | Jasola
NCR: Noida | Greater Noida | Ghaziabad | Faridabad | Gurugram | Meerut | Rohtak | Panipat

TUITION CENTRE
Delhi - Najafgarh, Rohini | Ghaziabad - Indirapuram | Noida Extension | Noida - Sector 4 | Meerut - Modipuram

VP RESIDENTIAL PROGRAM
Noida

PATHSHALA
Sonipat

FOR VIDYAPEETH ENQUIRY 07314850132 | FOR PATHSHALA ENQUIRY 9205115570

ENROLL NOW
For Classes 8th - 12th & Dropper

## खबर संक्षेप

### बुजुर्गों के घरों को कब्जाने वाले भूमाफिया गिरोह का मेंबर दबोचा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने एक घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जमीन हड़पने वाले गिरोह का सदस्य बताया जाता है। यह गिरोह खासतौर पर बुजुर्ग लोगों के घरों को निशाना बनाता था। पुलिस के अनुसार एईकेसी क्राइम ब्रांच, सनलाइट कॉलोनी की एक टीम ने पुलिस स्टेशन वसंत विहार के 2016 के एक मामले में एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। इसे 25 फरवरी को पीओ घोषित किया गया था। आरोपी का नाम अमित सागर बताया गया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी पीओ एक मामले में गवाह के तौर पर पेश होने आ रहा है। दोपहर लगभग 1 बजे मुखबिर की निशानदेही पर आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट लॉक-अप के पास देखा गया था। नरेंद्र सागर गाजियाबाद का रहने वाला है। पूछताछ करने पर आरोपी ने खुलासा किया कि इस मामले में, उसने अपने सह-आरोपियों के साथ मिलकर वसंत विहार में रहने वाले 90 वर्षीय एक वरिष्ठ नागरिक के घर में जबरन प्रवेश किया था। उसके साथ मारपीट की थी और उसे घायल भी किया गया था। आरोपी जमीन हड़पने वाले एक गिरोह का सदस्य है। संदीप भास्कर इस गिरोह का सरगना है। इसके साथी संदीप भास्कर और जगत सिंह भी घटना स्थल पर उसके साथ ही पकड़े गए थे। लेकिन बाद में वे अदालत में पेश नहीं हुए और फरार हो गए थे।

### पंप पर ट्रक का सीएनजी सिलेंडर फटा, चार घायल

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के मित्राऊं इलाके में बुधवार को एक सीएनजी पंप पर ईंधन भरते समय ट्रक का सिलेंडर फटने से कम से कम चार लोग घायल हो गए। एक शख्स की हालत गंभीर बताई गई है। घायलों के नाम दीपक, विकास कुमार, नीरज पता चलें है। जिस शख्स की हालत गंभीर है वह अज्ञात है। डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार नजफगढ़ मित्राऊं रोड पर सुबह एक सीएनजी पंप पर विस्फोट हुआ, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। बाद में पता चला कि पंप पर सीएनजी भरते समय ट्रक के एक सिलेंडर में धमाका हुआ था। सभी घायलों को राव तुला राम अस्पताल ले जाया गया। ट्रक हरियाणा नंबर का बताया गया है। घायलों में से तीन लोग पंप अटेंडेंट हैं और उनकी पहचान हो चुकी है, जबकि एक घायल व्यक्ति जिसकी हालत गंभीर है, उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है। एफएसएल और क्राइम टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। इसके अलावा आईजीएल के टेक्नीशियन और अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। मामले में पुलिस आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### दो करोड़ की हेरोइन के साथ ड्रग्स सप्लायर किया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल ने एक ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 405 ग्राम बेहतरीन क्वालिटी की हेरोइन बरामद हुई। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग दो करोड़ रुपये आंकी गई है। ख्याला निवासी आरोपी चिराग को कश्मीरी गेट इलाके से पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में इसने यह भी बताया कि पहले वह पुरानी कारों की खरीद-बिक्री का काम करता था। लगभग 3-4 महीने पहले उसने वह काम छोड़ दिया था और उसके बाद उसे आर्थिक मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। इसलिए वह अवैध नशीले पदार्थों की सप्लाई के धंधे में शामिल हो गया। नशीले पदार्थों के मुख्य स्रोत को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### डीयू में लायजन अधिकारियों कराई जाए कार्यशाला : फोरम

**नई दिल्ली।** फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) के चेयरमैन प्रोफेसर हंसराज सुमन ने शिक्षा मंत्रालय, यूजीसी, नेशनल एससी / एसटी कमीशन व दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखकर मांग की है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के विभागों व संबद्ध कॉलेजों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के सही से आरक्षण रोस्टर की जानकारी के लिए लायजन अधिकारियों की कार्यशाला कराई जाये, ताकि नियुक्ति, पदोन्नति के समय आरक्षित वर्गों की सभी सीटें भरी जा सकें। प्रोफेसर हंसराज सुमन ने बताया है कि एससी /एसटी का रोस्टर रजिस्टर 1 जुलाई 1997 से बनाया जाना चाहिए और ओबीसी का मार्च 2007 से, जबकि डीयू 200 पॉइंट पोस्ट बेस रोस्टर 2020 से पदों को निकालकर भरा गया।

16 मामलों में था शामिल

# नवीन खाती गिरोह का शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने नवीन खाती गैंग के शूटर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक अत्याधुनिक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुये। आरोपी की पहचान एक कुख्यात हिस्ट्री-शीटर के रूप में हुई, जो हत्या, लूट और आर्म्स एक्ट के अपराधों सहित 16 मामलों में शामिल था। शूटर सज्जन उर्फ लाला पुत्र बस्ती राम उम्र लगभग 34 वर्ष मित्राऊं गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार एंटी गैंग्स स्क्वाड (एजीएस), क्राइम ब्रांच की एक टीम विभिन्न गैंग के सदस्यों और हथियार सप्लायरों का पता लगाने में जुटी थी। इसी बीच एएसआई अशोक को नवीन खाती गैंग के शूटर सज्जन उर्फ लाला के बारे में जानकारी मिली। तुरंत कार्रवाई करते हुए द्वारका स्थित गुरु गोविंद यूनिवर्सिटी के पास जाल बिछाया गया। थोड़ी देर पीछा करने और कुछ विरोध के बाद टीम ने सज्जन को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए।



# पालम में एलपीजी रिफिलिंग गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी करने और रिफिलिंग गिरोह चलाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 45 घरेलू गैस सिलेंडर और एक टेंपो जब्त किया गया। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार आरोपियों की पहचान अनार सिंह, सत्यवीर और विकास कुमार के तौर पर हुई है। सभी दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों के रहने वाले हैं। तीनों आवासीय क्षेत्र में एलपीजी सिलेंडर के अवैध भंडारण और अवैध तरीके से सिलेंडर में गैस भरने में शामिल थे। इससे सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो रहा था। इस रैकेट का उस समय भंडाफोड़ हुआ, जब पालम पुलिस की एक टीम ने सूचना के आधार पर आदर्श गली में एक खाली प्लॉट पर छापा मारा। वहां बड़ी संख्या में भारत गैस कंपनी के सिलेंडर और एक टेंपो खड़ा मिला। कुल 45 एलपीजी सिलेंडर, गैस भरने के लिए इस्तेमाल होने वाले तीन उपकरण और वजन तोलने वाली मशीन जब्त की गई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने सिलेंडर की जमाखोरी के लिए प्लॉट किराये पर लिया था।



## अदालत ने गवाहों को नहीं माना भरोसेमंद दिल्ली दंगा मामले में नौ लोगों को किया बरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के दंगों से संबंधित एक मामले में नौ लोगों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि गवाहों की गवाही भरोसेमंद नहीं है, क्योंकि उनमें विशिष्टता की कमी है और वे सामान्य प्रकृति की हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़े लूट और आगजनी के मामले में गिरफ्तार किए गए नौ लोगों शाह आलम, राशिद सैफी, मोहम्मद शादाब, हबीब, इरफान, सुहैल, सलीम उर्फ आशु, इरशाद और अजहर उर्फ सोनू के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। अदालत ने 30 मार्च के एक आदेश में कहा, "गवाहियां सामान्य प्रकृति की हैं, उनमें विशिष्टता का अभाव है, विशेष रूप से इस तथ्य को देखते हुए कि इन गवाहों ने घटना स्थल के संबंध में झूठी गवाही दी है...मेरा मानना है कि इन गवाहों की गवाही पर भरोसा करके आरोपियों को दोषी ठहराना ठीक नहीं होगा।" राष्ट्रीय राजधानी के चांद बाग इलाके में भड़के दंगों के दौरान एक वाहन में तोड़फोड़, मोटरसाइकिल जलाने, विक्रेताओं के ठेलों को लूटने और 'रॉयल मोटर्स' नामक दुकान में आग लगाने के मामले में दयालपुर थाने में दर्ज मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों में विरोधाभास का जिक्र करते हुए अदालत ने कहा कि मामले के जांच अधिकारी ने घटना की गलत तारीख 24 फरवरी दर्ज की, जबकि घटना 25 फरवरी, 2020 को हुई थी। एक समाचार चैनल के वाहन पर हुए हमले के संबंध में, अदालत ने कहा कि चालक और यात्री द्वारा बताए गए स्थान एवं समय पुलिस के घटनास्थल के नक्शे और गवाहों की गवाही के बिल्कुल विपरीत थे। न्यायाधीश ने कहा, "इस घटना के संबंध में कांस्टेबल ज्ञान सिंह और हेड कांस्टेबल सुनील के बयान पूरी तरह से झूठे पाए गए हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि घटना वास्तव में उस स्थान से काफी दूर घटी थी जहां पुलिस ने दावा किया था। अदालत ने कहा कि चूंकि मुख्य गवाहों ने प्रमुख घटनाओं के समय और स्थान के बारे में झूठी गवाही दी, इसलिए अन्य कथित दंगा कृत्यों के लिए आरोपियों को दोषी ठहराने के संबंध में उनकी गवाही पर भरोसा करना असुरक्षित होगा।

## अरविंद केजरीवाल हैं एक कमजोर नेता : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ विपक्ष का सामना करने का नहीं है साहस

बेहतर होता कि आम आदमी पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नैतिक जिम्मेदारी दिखाते हुए स्वाति मालीवाल और राघव चड्ढा को पार्टी से निष्कासित कर देते, लेकिन हम सभी जानते हैं कि केजरीवाल एक कमजोर नेता हैं, जिनमें विपक्ष का सामना करने का साहस नहीं है-चाहे वह विपक्षी दलों से हो या पार्टी के भीतर से। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरूवार को राघव चड्ढा को हटाए जाने और केजरीवाल पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व का यह अधिकार है कि वह अपने संसदीय दल का नेता नियुक्त करे, लेकिन जिस तरह सांसद राघव चड्ढा को न केवल राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाया गया है, बल्कि पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय से यह भी अनुरोध किया है कि उन्हें सदन में बोलने का समय न दिया जाए, उससे स्पष्ट है कि राघव चड्ढा ने अरविंद केजरीवाल के अराजक और भ्रष्ट नेतृत्व से दूरी बना ली है। प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि पहले आम आदमी पार्टी की नींव रहे नेता स्वाति मालीवाल और अब राघव चड्ढा, अरविंद केजरीवाल से दूर हो गए हैं। संभव है कि कुछ अन्य लोग भी आम आदमी पार्टी के दैनिक कार्यों से दूरी बना चुके हों।

## सीएजी शराब ऑडिट पर कार्यवाही हेतु 31 जनवरी की समय-सीमा तय : विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ विधानसभा ने आबकारी मंत्री एवं प्रधान सचिव (वित्त) को लिखा पत्र

दिल्ली विधान सभा सचिवालय ने दिल्ली में शराब के विनियमन एवं आपूर्ति पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की कार्यनिष्पादन ऑडिट रिपोर्ट पर लोक लेखा समिति (पीएसी) की द्वितीय रिपोर्ट को सदन द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद, संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि वे समिति की सिफारिशों की विस्तृत समीक्षा करें और 31 दिसंबर 2026 तक की स्थिति के अनुसार कार्यवाही प्रतिवेदन (एटीआर) तैयार करें। यह प्रतिवेदन अधिकतम 31 जनवरी 2027 तक प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। इस संदर्भ में, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आबकारी व्यवस्था में मौजूद प्रणालीगत कमियों को रेखांकित करते हुए कहा कि लोक लेखा समिति की सिफारिशों पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में, दिल्ली सरकार के आबकारी मंत्री और प्रधान सचिव (वित्त) को पत्र भेजकर इन निर्देशों की जानकारी दी गई है। साथ ही, उनसे समिति की सिफारिशों पर पूरी और समय पर प्रतिक्रिया देने को कहा गया है, ताकि विभाग स्तर पर आगे की कार्रवाई शुरू की जा सके।

## जिला अदालतों में सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा करें पुलिसः हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पुलिस अधिकारियों को जिला न्यायालयों में सुरक्षा व्यवस्था जारी रखने और संबंधित प्रधान न्यायाधीश एवं जिला न्यायाधीश से परामर्श कर नियमित रूप से सुरक्षा समीक्षा करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय, न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति नितिन सांब्रे की तीन-न्यायाधीशों वाली पीठ ने इस वर्ष की शुरुआत में तीस हजारी स्थित एक अदालत कक्ष में एक वकील पर उसके विरोधी वकील द्वारा कथित हमले के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लिये हुए मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। दिल्ली पुलिस के वकील ने कहा कि घटना से संबंधित प्राथमिकी की जांच पूरी हो चुकी है और जल्द ही अधीनस्थ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किए जाने की संभावना है। वकील ने अदालत को यह भी बताया कि जिला न्यायालयों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात हैं और पुलिस अधिकारियों ने प्रत्येक जिले में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की है। पीठ ने कहा कि मामले को लंबित रखने से कोई लाभ नहीं होगा और याचिका का निपटारा कर दिया। अदालत ने आदेश दिया, ‘‘हम निर्देश देते हैं कि प्रत्येक जिला न्यायालय में लागू की गई सुरक्षा व्यवस्था जारी रहे और संबंधित प्रधान न्यायाधीश एवं जिला न्यायाधीश से परामर्श कर पुलिस अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से इसकी समीक्षा की जाए। अदालत ने नौ फरवरी को स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और कथित हमले पर रिपोर्ट मांगी।

अदालत ने पाया कि सात फरवरी को अदालत का दरवाजा अंदर से बंद होने के दौरान प्रतिद्वंदी वकील ने वकील को 'पीटा और गाली-गलौज की'।

# एलजी ट्रैफिक पुलिस के मुख्यालय पहुंचे, प्रहरियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

एलजी तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को ट्रैफिक मुख्यालय, टोडापुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 'ट्रैफिक प्रहरियों' को सम्मानित किया, जिन्होंने नियमों को सख्ती से लागू करके सड़क अनुशासन को बढ़ावा देने में योगदान दिया था। पुलिस कमिश्नर सतीश गोलछा ने उनका स्वागत किया। मौके पर स्पेशल कमिश्नर ट्रैफिक मैनेजमेंट डिवीजन नीरज ठाकुर और ट्रैफिक यूनिट के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

एडिशनल सीपी यातायात (मुख्यालय एवं जोन-1) विजयंता गोयल आर्य के अनुसार 'ट्रैफिक प्रहरी' प्रोत्साहन योजना की घोषणा सितंबर 2024 में तत्कालीन उपराज्यपाल दिल्ली द्वारा की गई थी। इस योजना के तहत नागरिक 'ट्रैफिक प्रहरी ऐप' (जो प्ले स्टोर पर उपलब्ध है) के माध्यम से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करवा सकते हैं। महीने भर के प्रदर्शन के आधार पर पहले विजेता को 50 हजार रुपये, दूसरे विजेता को 25 हजार, तीसरे विजेता को 15 हजार और चौथे विजेता को 10 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। एलजी ने मार्च 2025 से फरवरी 2026 की अवधि के लिए नागरिकों को पुरस्कार प्रदान किए। 'ट्रैफिक प्रहरी ऐप' का उपयोग करके प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए ऐसे 21 व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त, महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए 38 नई स्कूटी के बेड़े को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन स्कूटी का उद्देश्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में ट्रैफिक जाम हटाने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाना और सड़कों पर प्रभावी उपस्थिति के माध्यम से आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। यह पहल महिला अधिकारियों को उनके दैनिक कर्तव्यों में बहुत सहायता प्रदान करेगी। उनकी परिचालन क्षमताओं को मजबूत करेगी और फील्ड ड्यूटी में उनकी अधिक भागीदारी को बढ़ावा देगी। इसके साथ ही सड़क पर उत्पन्न होने वाले संकटों के प्रबंधन में ट्रैफिक कर्मियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, दो नए 'आपदा प्रतिक्रिया वाहन' को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये वाहन स्टील कटर, ट्री कटर, फ्लोटिंग वॉटर पंप, जनरेटर, टावर लाइट आदि जैसी क्षमताओं और उपकरणों से लैस हैं। एलजी को अधिकारियों द्वारा ट्रैफिक यूनिट के समग्र कामकाज के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसमें नियमों के विनियमन और उल्लंघन पर कार्रवाई से जुड़े पहलू शामिल थे। उन्होंने ट्रैफिक मुख्यालय में 'प्रवर्तन इकाई' और 'जन संपर्क इकाई' का भी जायजा लिया। उन्हें वर्तमान प्रणाली के ठोस परिणामों और प्रभावशीलता के साथ-साथ राजधानी की सड़क व्यवस्था के प्रबंधन हेतु भावी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसमें आधुनिकीकरण और भीड़ कम करने पर विशेष जोर दिया गया था।




**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राकेश, पुत्रः** रामचरण, **निवासीः** म.नं. ए–97, बाबा फरीदपुरी, आनंद पर्वत, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 95/2021 U/s 323/341/34 IPC, थानाः आनन्द पर्वत, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 95/2021 U/s 323/341/34 IPC, थानाः आनन्द पर्वत, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकुर पंघाल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05, पश्चिम
कमरा नं. 336–ए, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3493/CD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उमेश कश्यप, पुत्रः रामफल कश्यप, निवासीः टी–72, खिड़की एक्सटेंशन, मालवीय नगर, दिल्ली, और आईएनए मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 3 के सामने, दिल्ली** ने **FIR No. 376/22, U/s: 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किये है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **उमेश कश्यप** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **उमेश कश्यप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली** के अभियुक्त **उमेश कश्यप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.06.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निधि सिंह
जेएमएफसी–03, दक्षिण, कमरा नंबर 212,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4011/SW/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1) परमय, पुत्रः सोबती, 2) नितिका, पत्नीः परमय, पताः म. नं. ए–459, डबल स्टोरी, कालकाजी, दिल्ली, 3) राकेश जायसवाल, पुत्रः रामेश्वर, पताः म. नं. यू–35, शकरपुर, लक्ष्मी नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 238/2020, U/s 188 IPC & 51 DM Act, पुलिस थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1) परमय, 2) नितिका, 3) राकेश जायसवाल** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1) परमय, 2) नितिका, 3) राकेश जायसवाल** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 238/2020, U/s 188 IPC & 51 DM Act, पुलिस थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** के अभियुक्त **1) परमय, 2) नितिका, 3) राकेश जायसवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री कार्तिक तपारिया
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06, सेंट्रल जिला
कमरा नं. 247, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4021/N/2026


विधानसभा में आयोजित हुआ ‘भगवान महावीर गुणानुवाद’ कार्यक्रम

# संयम और करुणा का मार्ग ही एकमात्र विकल्प है : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ निःस्वार्थ सेवा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि है धर्म का उच्चतम रूप : विजेंद्र गुप्ता

आज हम जिस स्थान पर खड़े हैं, वह ‘सेवा परमो धर्मः’ के सिद्धांत का जीवंत प्रतीक है। यह हमें स्मरण कराता है कि निःस्वार्थ सेवा केवल एक कर्तव्य नहीं, बल्कि धर्म का उच्चतम रूप है जिसे हमारे हर कार्य का मार्गदर्शन करना चाहिए। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरूवार को भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक वर्ष (जयंती) के उपलक्ष्य में आयोजित ‘भगवान महावीर गुणानुवाद’ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। यह गरिमामयी कार्यक्रम दिल्ली विधानसभा परिसर में ‘भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट’ और ‘सकल जैन समाज, दिल्ली’ के सहयोग से आयोजित किया गया। वहीं, आध्यात्मिक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अशांति के इस दौर में मानवता के उत्कर्ष के लिए भगवान महावीर का अहिंसा, संयम और करुणा का मार्ग ही एकमात्र विकल्प है।“ रेखा गुप्ता ने कहा कि “अपनी अशांति और मोह-माया में हम अक्सर सही और गलत के बीच अंतर करने की क्षमता खो देते हैं; भगवान महावीर का संयम का मार्ग ही आज हमारे लिए सच्चा मार्गदर्शक है।“ महावीर जयंती के पावन अवसर पर गुप्ता ने वर्तमान “अत्यंत कठिन परिस्थितियों“ में जैन दर्शन की प्रासंगिकता पर बल दिया।



नई दिल्ली
शुक्रवार 3 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 349
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 27
न्यून. 17

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## जटिल पेट्रोकेमिकल उत्पादों से हटाई कस्टम ड्यूटी

सीबीआईसी सदस्य संजय मंगू ने कहा, बुधवार को जटिल पेट्रोकेमिकल उत्पादों से कस्टम ड्यूटी को पूरी तरह से हटा दिया गया है। केंद्र ने यह निर्णय पश्चिम-एशिया संघर्ष की वजह से वैश्विक सप्लाई चेन में आई दिक्कतों की वजह से लिया है। आगामी तीन महीनों तक यानी 30 जून 2026 तक यह फैसला अस्थायी रूप से लागू रहेगा। जिसकी मदद से निरंतर रूप से घरेलू उद्योग के लिए पेट्रोकेमिकल इनपुट ली जा सकेगी। साथ ही डाउन स्ट्रीम क्षेत्रों सहित देश में सप्लाई स्थिरता को बनाए रखने में भी मदद मिलेगी, कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी।

**सरकार को होगा 1800 करोड़ का नुकसान:** उन्होंने कहा कि छूट में प्लास्टिक, पैकेजिंग, कपड़ा, फार्मास्युटिकल्स, केमिकल्स, ऑटोमोटिव कंपोनेंट और अन्य मैन्युफैक्चरिंग सेगमेंट्स से जुड़े उत्पाद शामिल हैं। जिससे इन क्षेत्रों से जुड़े अंतिम उपभोक्ताओं को लाभ होगा। वहीं, इस राहत से तीन महीने में केंद्र को 1800 करोड़ रुपए का राजस्व नुकसान होगा। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी लव अग्रवाल ने कहा, होर्मुज से भारत का 45 फीसदी क्रूड और 90 फीसदी एलपीजी आयात होता है। एक अतिरिक्त चुनौती उभरी है, जिसमें यूरोप या यूएस से आने वाला सामान भी लंबे मार्ग से होकर देश में लाना पड़ सकता है। व्यापार को लेकर चुनौती बनी हुई है।

**इन क्षेत्रों पर पड़ेगा असर :** उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देशों से हमारा काफी विस्तृत व्यापारिक संबंध बना हुआ है। 2024-25 में हमारा व्यापार 178 बिलियन डॉलर था। जिसमें 56 बिलियन का उस क्षेत्र में एक्सपोर्ट होता था। यूएई, सऊदी, ओमान जैसे हर देश के साथ हमारे गहरे व्यापारिक संबंध हैं। लेकिन शेष पेज 2 पर

### रंग लाई सरकार की अपील दोनों कनेक्शन लिए बैठे 12 हजार 400 लोगों ने सरेंडर किए अपने एलपीजी कनेक्शन


# देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं, जरूरत के हिसाब से करें सिलेंडर की खरीदः सुजाता शर्मा

### भारत के पास अगले दो महीने के लिए पर्याप्त मात्रा में मौजूद है पेट्रोल, डीजल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में जारी उथल-पुथल के बीच सरकार ने गुरुवार को पेट्रोलियम उत्पादों खासकर एलपीजी के मामले में स्थिति को साफ करते हुए कहा है कि द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस की देश में कोई कमी नहीं है। सभी डिस्ट्रीब्यूटरों के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी की उपलब्धता बनी हुई है। वैश्विक अस्थिरता के मध्य भी देश में कीमतें स्थिर हैं और एलपीजी सिलेंडर के दाम नहीं बढ़ाए गए हैं। यह जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने राजधानी में आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में दी है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि हमारे पास कच्चे-तेल की सप्लाई आगामी दो महीने के लिए पर्याप्त है और पेट्रोल-डीजल की भी कोई कमी नहीं है। तेल रिफाइनरियों का उत्पादन उच्च-स्तर पर बना हुआ है। इसलिए सल्फर की भी कोई किल्लत नहीं है। रिटेल आउटलेट भी सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। जिसे देखते हुए आम उपभोक्ताओं से यह अपील है कि वो किसी भी अफवाह पर तुरंत विश्वास न करें, पैनिक बुकिंग के साथ ही सिलेंडरों की खरीद न करें।

- हैदराबाद में एक कब्रिस्तान से जब्त किए गए 400 सिलेंडर, 10 लोगों को पकड़ा, डिस्ट्रीब्यूटर को किया निलंबित।
- युद्ध से पड़ेगा जेम्स-ज्वेलरी, फार्मा, कृषि, इंजीनियरिंग गुड्स, प्लास्टिक-पेट्रोलियम जैसे उत्पादों पर प्रभाव।
- खाड़ी के इलाके में सुरक्षित हैं 18 जहाजों पर सवार 485 भारतीय नाविक।



### बढ़ी हुई कीमतों का भार उठा रही कंपनियां

उन्होंने कहा, तनाव के बीच पेट्रोल की कीमतों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। सरकार ने कीमतों को स्थिर बनाए रखने के लिए एक्साइज ड्यूटी में कमी की है, जिसका कुछ भार हमारी तेल कंपनियां भी उठा रही हैं। पेट्रोल पर लगभग 24 रुपये और डीजल पर 104 रुपये प्रति लीटर अंडर रिकवरी है। इसके अलावा प्राकृतिक गैस की घरेलू उपभोक्ताओं को 100% सप्लाई सुनिश्चित की गई है। पीएनजी विस्तार के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। जिससे एलपीजी पर दबाव घटेगा। इस संबंध में सरकार ने हाल ही में एक आदेश दिया था। जिसमें पीएनजी विस्तार में सहयोग करने वाले राज्यों को केंद्र शेष पेज 2 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
सीएसके पीबीकेएस
शाम 7.30 बजे से

### युद्ध के बीच ईरान ने एक बार फिर से अपने महत्वपूर्ण संदेश के जरिए भारत को दिया आश्वासन

# होर्मुज को लेकर न घबराएं हमारे भारतीय दोस्त, वे सुरक्षित हाथों में हैं : ईरान

**होर्मुज पर ब्रिटेन द्वारा आयोजित की गई वार्ता में भारत को मिला बुलावा, मिस्री ने भाग लिया**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका, इजरायल और ईरान युद्ध के बीच ईरान ने एक बार फिर भारत को आश्वस्त करते हुए एक बड़ा संदेश भेजा है। जिसमें कहा है कि 'होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान के भारतीय दोस्तों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वे सुरक्षित हाथों में हैं'। साथ ही तेहरान ने दो टूक अंदाज में ये भी साफ कर दिया कि इस समुद्री गलियारे का नियंत्रण और सुरक्षा का निर्णय केवल ईरान और ओमान ही करेंगे। यहां किसी तीसरे देश (अमेरिका) का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है।

यह जानकारी गुरुवार को भारत में ईरान के दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए दी है। यहां बता दें कि पूर्व में ईरान ने भारत को दुनिया के 6 मित्र देशों की सूची में शामिल करते हुए उन्हें होर्मुज के इलाके से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही की अनुमति प्रदान की थी। वहीं, ईरान का यह ताजा बयान एक ऐसे में आया है। जब उक्त समुद्री गलियारे में तनाव के चलते दुनिया भर के देशों के लिए जाने वाली कुल 20% कच्चे तेल शेष पेज 2 पर

- अब तक होर्मुज से सुरक्षित निकले 6 भारतीय जहाज।
- सड़क मार्ग से ईरान की सीमा पार कर सुरक्षित आर्मेनिया, अजरबैजान पहुंचे 1200 भारतीय



### 1200 नागरिकों की होगी वतन वापसी

अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि संघर्ष के बीच ईरान में सड़क मार्ग से भारत के कुल 1200 भारतीय सीमा पार कर आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंच गए हैं। जिनमें 845 छात्र शामिल हैं। जल्द ही यह सभी सुरक्षित देश वापस लौटेंगे। उन्होंने कहा कि 1200 लोगों में से 96 लोग आर्मेनिया और 204 अजरबैजान गए हैं। इसके अलावा बीते कुछ दिनों में देश के कुछ नागरिकों को ईरान के अंदर भी सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। केंद्र सरकार ने आर्मेनिया, अजरबैजान का इस कवायद में सहयोग करने के लिए धन्यवाद किया है।

### यूएई में घायल हुआ भारतीय

प्रेस वार्ता में मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव असीम आर महाजन ने बताया कि बीते बुधवार को यूएई में हुए एक हमले में एक भारतीय घायल हो गया है। स्थानीय अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। फिलहाल उसकी हालत शेष पेज 2 पर

### यूनिफिल के मामले यूएन की जिम्मेदारी

उन्होंने युद्ध के बीच संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) की टुकड़ियों (भारतीय सेना के सैनिक शामिल हैं) की लेबनान में ब्लू लाइन पर की गई तैनाती से जुड़े प्रश्न के जवाब में कहा, यूनिफिल के मामले को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) देखता है। हम केवल संबंधित एजेंसियों के साथ जुड़े हुए हैं। रणधीर के मुताबिक, युद्ध के बाद से लेकर अब तक भारत के कुल 6 जहाजों ने सुरक्षित रूप से होर्मुज पार की है। हम लगातार इस मामले पर ईरान सहित अन्य 35 देशों के संपर्क में बने हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की वैश्विक वार्ताओं का सिलसिला जारी है। ऑपरेशन संकल्प के माध्यम से 2019 से भारतीय नौसेना की तैनाती उक्त क्षेत्र में बनी हुई है। जिसका उद्देश्य अरब सागर, अदन की खाड़ी में शिपिंग लाइंस को सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने भूटान, चीन की बातचीत को लेकर कहा कि इनसे संबंधित गतिविधियों पर देश की नजर बनी हुई है। अगर कोई उचित कदम उठाने की आवश्यकता होगी। तो उसे उठाया जाएगा।

**ब्रिटेन की होर्मुज वार्ता में शामिल हुए मिस्री**

*रणधीर ने मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि होर्मुज के मामले पर बातचीत के लिए ब्रिटेन ने कई देशों को बुलाया है, जिसमें भारत भी शामिल है। हमारी तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिस्री इस बैठक में भाग लेंगे। इस चर्चा में कितने देशों को बुलाया गया है। उसकी अभी फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। लेकिन बैठक के बाद इसका पता चल जाएगा। सूत्रों ने कहा, दुनिया के कुल करीब 35 देश ब्रिटेन की इस बैठक में भाग ले रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### आयकर की नई वेबसाइट आसान होगा टैक्स भरना

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने करोड़ों टैक्सपेयर्स को बड़ी सौगात दी है। दरअसल, आयकर विभाग ने एक नई वेबसाइट शुरू की है। खास बात है कि इस साइट पर एआई असिस्टेंट 'कर साथी' लॉन्च किया गया है। इससे टैक्स भरना पहले के मुकाबले और आसान हो जाएगा। ऐसे में आम टैक्सपेयर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट की मदद के बिना भी टैक्स प्लानिंग और कर से जुड़े सवालों के जवाब आसानी से पा सकते हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से एक्स पर की गई एक पोस्ट में कहा गया कि नई इनकम टैक्स वेबसाइट शुरू हो चुकी है। यह नेविगेट करने में आसान और उपयोग करने में आसान है। इसमें टैक्स से जुड़ी जानकारी है।



### मालदा में बवाल पर भाजपा आक्रामक, सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद ममता सरकार को घेरा

## संविधान की शपथ लेने वाली ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल की जनता का रक्षक बनना था लेकिन वो भक्षक बन चुकी हैं: भाटिया

**पूछा, क्या तुष्टिकरण की राजनीति अब संविधान, कानून, सर्वोच्च न्यायालय और निर्वाचन आयोग से ऊपर हो गई है?**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा एसआईआर प्रक्रिया में शामिल न्यायिक अधिकारियों पर हमला करने और उन्हें बंधक बनाने की कड़ी आलोचना की है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी के शासन में पश्चिम बंगाल में जंगलराज चल रहा है जहां न मां सुरक्षित है, न माटी सुरक्षित है और न मानुष सुरक्षित है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ममता बनर्जी के शासन में पश्चिम बंगाल में जो जंगलराज चल रहा है, उससे हर भारतीय व्यथित है। सर्वोच्च न्यायालय ने आज ममता बनर्जी की सरकार को आईना दिखाया और कुछ स्पष्ट निर्देश भी दिए हैं। आजाद भारत के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि एक संवैधानिक और कानूनी प्रक्रिया एसआईआर, जो सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत पश्चिम बंगाल में चल रही थी, उस प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों का पालन करने के दौरान बंधक बना लिया गया हो। कल 2 से 3 बजे के आसपास, न्यायिक अधिकारियों को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने घेरकर बंधक बना लिया। किसी ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि ममता बनर्जी सरकार में कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी गंभीर हो जाएगी कि न्यायिक अधिकारी बंधक बन जाएंगे। यह अत्यंत दुखद है कि ममता बनर्जी, जिन्होंने संविधान की शपथ ली है ताकि कानून और न्याय के शासन की रक्षा कर सकें, वही न्यायिक अधिकारियों को बंधक बना रही हैं।

भाटिया ने कहा कि ममता बनर्जी को रक्षक बनना था, लेकिन वो भक्षक बन चुकी हैं। जिन न्यायिक अधिकारियों को टीएमसी के गुंडों ने बंधक बनाया, उनमें तीन महिला न्यायिक अधिकारी भी शामिल थीं। जो ममता बनर्जी 'मां, माटी और मानुष' का नारा देती थीं, उन्होंने बंगाल में इन्हीं तीनों का अपमान किया और जनता को शर्मसार किया। जब यह मामला कलकत्ता हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तुरंत शेष पेज 2 पर

### चुनावी मौसम में आरोपों की बरसातः राहुल गांधी बोले-

## सरमा देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री, कांग्रेस की सरकार आने पर उन्हें हर भ्रष्टाचार का नतीजा भुगतना पड़ेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को असम विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कार्बी आंगलोंग में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा का पूरा परिवार



भ्रष्टाचार में नंबर वन है। मुख्यमंत्री सिंडिकेट के साथ मिलकर असम को चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन भाजपा की सरकार जाएगी, उसी दिन हिमंत बिस्वा सरमा का घमंड टूट जाएगा और उन्हें हर भ्रष्टाचार की सजा मिलेगी।

उन्होंने असम की जमीनें बड़े-बड़े कारोबारियों को देने का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रदेश को एटीएम बना रखा है। उन्होंने आंकड़े देते हुए कहा कि अडानी समूह को विभिन्न परियोजनाओं के लिए हजारों बीघा जमीन, अंबानी को 13,000 बीघा और पतंजलि को 7,000 बीघा जमीन दी गई। उन्होंने इसे सरासर भ्रष्टाचार बताते हुए कहा कि इन जमीनों शेष पेज 2 पर

### संसद भवन में लोक सभा अध्यक्ष बिरला से भेंट की

## संवाद और सहयोग से भारत और रूस के संसदीय संबंध और प्रगाढ़ होंगेः लोक सभा अध्यक्ष

**बिरला ने संसदीय राजनय को और मजबूत करने तथा भारत और रूस के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों पर विचार करने का आह्वान किया**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रशियन फेडेरेशन की फेडरल एसेम्बली की फेडेरेशन काउंसिल के फर्स्ट डेप्युटी स्पीकर, व्लादिमिर याकुशेव के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए रूस के संसदीय शिष्टमंडल ने आज संसद भवन



में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। रूसी शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए, अध्यक्ष बिरला ने याकुशेव को फेडरेशन काउंसिल के संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष के रूप में उनके चुनाव पर बधाई दी। उन्होंने उल्लेख किया कि यह चुनाव भारत के साथ संसदीय सहयोग शेष पेज 2 पर

## मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के नतीजों पर मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, भारत कुलांचें भरने को तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के परिणामों पर मीडिया को जानकारी दी। यह सम्मेलन पिछले महीने 26 से 29 तारीख के बीच याउंडे, कैमरून में आयोजित हुआ था।

नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने बताया कि चार दिवसीय सम्मेलन के दौरान वैश्विक व्यापार से जुड़े कई अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। इनमें डब्ल्यूटीओ सुधार, मत्स्य पालन सब्सिडी, विकास के लिए निवेश सुविधा, ई-कॉमर्स, कृषि और अन्य विकासात्मक विषय शामिल रहे।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन में तीन महत्वपूर्ण फैसले लिए गए, जिनका उद्देश्य छोटे और विकासशील देशों को वैश्विक व्यापार प्रणाली से बेहतर तरीके से जोड़ना है। इसके तहत व्यापार लॉजिस्टिक्स, कनेक्टिविटी और सीमा प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है, ताकि इन देशों की भागीदारी बढ़ सके। व्यापक व्यापार सिद्धांतों पर भारत की स्थिति स्पष्ट करते हुए मंत्री ने कहा कि भारत ने "मोस्ट फेवर्ड नेशन" और "विशेष एवं भेदभावपूर्ण व्यवहार" के सिद्धांतों की अहमियत दोहराई। उन्होंने बताया कि भारत ने ई-कॉमर्स के क्षेत्र में डिजिटल डिवाइड को कम करने के लिए विकासशील देशों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और कौशल विकास को मजबूत करने की वकालत की।

कृषि के मुद्दे पर श्री गोयल ने कहा कि भारत ने खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक भंडारण पर स्थायी समाधान शेष पेज 2 पर

## राज्यसभा में जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) विधेयक, 2026 पर चर्चा शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के उच्च सदन राज्यसभा में आज जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) विधेयक, 2026 पर चर्चा शुरू हुई। यह विधेयक सरकार के "ट्रस्ट-आधारित गवर्नेंस" को मजबूत करने और आम नागरिकों के जीवन तथा कारोबार को आसान बनाने के उद्देश्य से लाया गया है। इससे पहले यह विधेयक लोकसभा में पारित हो चुका है।

सरकार के अनुसार, इस विधेयक के जरिए 23 मंत्रालयों के अधीन आने वाले 79 केंद्रीय कानूनों में संशोधन प्रस्तावित है। कुल 784 प्रावधानों में बदलाव किया जाएगा, जिनमें से 717 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर (डीक्रिमिनलाइज) किया जाएगा, जबकि 67 प्रावधानों में संशोधन कर "ईज ऑफ लिविंग" को बढ़ावा दिया जाएगा। छोटे-मोटे अपराधों के लिए सजा की बजाय जुर्माने और दंड को तर्कसंगत बनाने का प्रावधान भी इसमें शामिल है।

चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने आरोप लगाया कि सरकार ने यह विधेयक जल्दबाजी में पेश किया है। उन्होंने कहा कि जिन 79 कानूनों में संशोधन किया जा रहा है, उनमें कुछ ऐसे भी हैं जो आम लोगों के हितों को शेष पेज 2 पर

### बांकुरा जिले में की जनसभा : पश्चिम बंगाल में जमकर गरजे सीएम डॉ. मोहन यादव, बोले

# ममता अब दीदी नहीं 'अप्पी' हो गई, वहां हिंदू लगातार हो रहे अपमानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में जनसभा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता को भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बांकुरा में हमारे सभी प्रत्याशियों का नामांकन भरने का मौका है। यह धरती सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, सुप्रसिद्ध मूर्तिकार राम किंकर की धरती है। ममता दीदी के राज में सब परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी अब दीदी नहीं है, ये अप्पी (मुस्लिम समाज में बड़ी बहन) हो गई हैं। ये बात पूरे देश में सुनाई दे रही है। डॉ. यादव ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकारों को बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं। इसलिए यह चुनाव शेष पेज 2 पर

**भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में मांगा वोट**



प्रत्याशियों के साथ सीएम

**पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशियों की कोई जगह नहीं**

**पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को आगे बढ़ते देख रही दुनिया**

### पश्चिम बंगाल अब भाजपा जीतने वाली है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके चेहरे का नूर बता रहा है कि रिजल्ट आने वाला है, भाजपा जीतने वाली है। हम सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के मंत्र पर चल रहे हैं। आज हमारे देश में अनूसूचित जनजाति की बहन राष्ट्रपति पद पर आसीन है। इससे भाजपा की नीति और काम करने का तरीका पता चलता है। वामपंथी-कांग्रेस और ममता की पार्टी ने कभी एससी-एसटी को महत्व नहीं दिया। गरीब से गरीब आदमी की जिंदगी को बेहतर शेष पेज 2 पर

### हिसाब चुकता करने का समय आ गया

*मुख्यमंत्री ने कहा कि ये माहौल बता रहा है कि भाजपा ही भाजपा जीतेगी। ममता दीदी की सरकार में शिक्षक घोटाला हुआ, 26 हजार नियुक्तियां रद्द की गईं। उनके शासनकाल में प्रधानमंत्री आवास घोटाला, मनरेगा घोटाला हुआ। ममता ने केवल हिंदुओं का अपमान किया है। उन्होंने 24788 से ज्यादा मुकदमे दायर कर बहनों को लज्जित किया है। ये सारी परेशानियां खत्म करने का समय आ गया है। अब बंगाल को आगे बढ़ाने का समय आ गया है। आजादी के पहले से बंगाल में सबसे ज्यादा प्रतिभाएं थीं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है कि पहले कम्युनिस्ट और बाद में ममता की पार्टी ने राज्य का भट्टा बैठा दिया है। आज हिसाब चुकता करने का समय आ गया है।*

## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले में खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने टेलिग्राम के माध्यम से ठगी करने के मामले में एक खाताधारक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साहिल निवासी विराट नगर आजाद नगर हिसार हाल निवासी सीमार कॉलोनी हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने फरीदाबाद निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि अज्ञात ठगों ने उसे टेलिग्राम के माध्यम से संपर्क किया।

### ठगी करने के मामले में एक आरोपी धराया

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने 1 अप्रैल को सेक्टर 58 नोएडा से एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रशांत भाटी निवासी गांव सुनपेड़ा, जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-2 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसने एक मेट्रोमोनियल ऐप (संगम डॉट कॉम) पर अपनी प्रोफाइल बनाई थी। इसी दौरान उसकी एक लड़की से बातचीत शुरू हुई, जो बाद में फोन और व्हाट्सएप के माध्यम से भी जारी रही।

### चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने थाना एसजीएम नगर क्षेत्र के अंतर्गत घर में चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए 1 अप्रैल को एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार श्याम सुंदर निवासी एसजीएम नगर फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 मार्च को वह अपने परिवार के साथ घूमने गया हुआ था। 29 मार्च को फोन कर सूचना मिली कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। जब वह रात को वापस घर पहुंचा, तो पाया कि अज्ञात व्यक्ति घर से नगदी व आभूषण चोरी करके ले गया।

# निगमायुक्त ने मॉनसून से पूर्व तैयारियों को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा आगामी मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस संबंध में निगमायुक्त प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में सेक्टर-34 स्थित निगम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक इंजीनियरों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान मानसून से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की गई, जिनमें प्रमुख रूप से शहर के मानसून हॉटस्पॉट का वर्तमान विश्लेषण, प्रत्येक हॉटस्पॉट के लिए संपर्क




अधिकारियों का फिर से निर्धारण, नालों की सफाई और डीसिल्टिंग की स्थिति, मशीनरी एवं संसाधनों की योजना और वार्ड/जेई स्तर पर मैपिंग, मानसून से संबंधित सुरक्षा ऑडिट, आईटी प्लेटफॉर्म पर मानसून मैनेजमेंट सेल मॉड्यूल, स्ट्रीट लाइट की तैयारियों की समीक्षा, स्वच्छता टीमों का मानसून प्रबंधन में सहयोग, संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण आदि शामिल थे।

निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मानसून से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें, ताकि बारिश के दौरान जलभराव और अन्य समस्याओं से नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि मैनपावर, मशीनरी व संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था पहले से करें साथ ही ड्रेनेज व सिवरेज की सफाई एवं मरम्मत कार्य मानसून से पहले ही पूरा कर लें।

### मानसून के दौरान कोई भी जनहानि न होः आयुक्त

निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि इस बार मानसून के दौरान कोई भी जनहानि न हो, इसके लिए सभी मेनहोल कवर, स्लैब आदि दुरुस्त होने चाहिएं। साथ ही स्ट्रीट लाइट की कोई भी तार खुली न रहे और पैनल बॉक्स पूरी तरह से दुरुस्त हो। अधिकारियों ने बताया कि सभी स्ट्रीट लाइट बॉक्स तथा बिजली तारों को दुरुस्त करने का कार्य चल रहा है। साथ ही मुख्य सडकों की स्ट्रीट लाइट को सीसीएमएस पैनल से जोड़ा जा रहा है। निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि बरसात रुकने के बाद सडक किनारों व कोनों पर जमा पानी को हटाने के लिए सक्शन टैंकरों की व्यवस्था करें।

### मंत्री गोयल ने कहा-प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास का कार्य कर रही है

# विकसित फरीदाबाद के संकल्प को नई मजबूती लगभग 1 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास :मंत्री गोयल

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में फरीदाबाद को मिला ऐतिहासिक बजट, मंत्री विपुल गोयल का विकसित फरीदाबाद धन्यवाद रैली में अधिकतम जनभागीदारी का आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास के दृष्टिकोण को साकार करते हुए फरीदाबाद में विकास की गति को निरंतर तेज किया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड नंबर-31, मीट मार्केट, नियर फरीद पार्क, ओल्ड फरीदाबाद में लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न जनहितकारी विकास कार्यों का शिलान्यास हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल द्वारा संपन्न किया गया।यह शिलान्यास कार्यक्रम न केवल विकास कार्यों की शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि विकसित फरीदाबाद के व्यापक विजन को धरातल पर उतारने की दिशा में एक ठोस और निर्णायक कदम भी है। प्रस्तावित विकास कार्यों में क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने, स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने,



सडक़ एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल हैं। जिनका सीधा लाभ क्षेत्र के हजारों नागरिकों को मिलेगा। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ निरंतर कार्य कर रही है और फरीदाबाद को एक आधुनिक, सशक्त एवं सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

### एआई और ऐडटेक के उपयोग से लर्निंग को बेहतर बनाएगी शिक्षानेक्स्ट

**गुरुग्राम।** शिक्षानेक्स्ट पहल एआई और ऐडटेक के उपयोग से लर्निंग को बेहतर बनाएगी। भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और शिक्षा मंत्रालय के सचिव, आईएएस, संजय कुमार ने इस पहल का लॉन्च किया। शिक्षानेक्स्ट 170 करोड़ रुपए की तीन वर्षीय पहल है। जिसका उद्देश्य देश भर में 13 मिलियन से अधिक बच्चों को 2029 तक टेक्नोलॉजी एवं एआई-इनेबल्ड लर्निंग के अवसरों के साथ सशक्त बनाना है। इस गठबंधन में माइकल एंड सुसन डेल फाउंडेशन, रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन फाउंडिंग स्ट्रैटेजिक पार्टनर हैं। जबकि सेंट्रल स्क्वेयर फाउंडेशन मैनेजिंग पार्टनर की भूमिका में हैं।



### चला जीडीए का बुलडोजर,अवैध कालोनी व विवाह मण्डप ध्वस्त

**गाजियाबाद।** गुरुवार को जीडीए का बुलडोजर मुरादनगर व गोविन्दपुरम में चला और अवैध विवाह मंडप व अवैध कालोनी को ध्वस्त कर दिया गया। मुकेश कुमार व अन्य द्वारा खसरा संख्या-1600, ग्राम सदरपुर, स्थित रोड़ नं0-1, गोविन्दपुरम, प्रीतम फार्म हाउस के बराबर में, गाजियाबाद पर लगभग 5000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्मित विवाह मण्डप के निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 01-SRDEE-G-DLI-2026-27 दिल्ली डिवीजन में स्थापित ओमेगा ब्रांड की लिफ्टों के लिए तीन साल की व्यापक वार्षिक प्रबंधन योजना (एएमसी)। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू. 8679060.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू0 173600.00/- |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 23.04.2026, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 23.04.2026, 16.00 बजे |
| वेब साइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1102/2026



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हिमान्शू वर्मा पुत्र हरी राम वर्मा निवासी मकान नं. 136, पूंठ खुर्द, बवाना, दिल्ली** ने एफआईआर नं./सीसी नं. **986/2021, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम, थाना बवाना, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिमान्शू वर्मा** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिमान्शू वर्मा** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं./सीसी नं. **986/2021, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम, थाना बवाना, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हिमान्शू वर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री भारती बेनीवाल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05 (उत्तर)
कमरा नं. 114, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/4294/ON/2026
(Court Matter)


## पेज एक का शेष

### बढ़ी हुई कीमतों ...

ने 10 फीसदी कमर्शियल एलपीजी देने की घोषणा की थी। अब तक 8 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एलपीजी का अतिरिक्त आवंटन किया जा रहा है। तीन राज्यों से इसे लेकर आवेदन किया है, जिस पर विचार किया जा रहा है।

**95% पर पहुंची ऑनलाइन बुकिंग :** सुजाता ने बताया कि बीते एक महीने में 3 लाख 33 हजार पीएनजी कनेक्शन देने के साथ ही इन सभी को गैस की सप्लाई की गई है। 2 लाख 90 हजार नए कनेक्शन भी दिए गए हैं और 3 लाख 61 के आसपास नए रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए हैं। वहीं, सिलेंडरों की 95 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हो रही है। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड द्वारा की जा रही डिलीवरी का आंकड़ा 85% तक जा पहुंचा है।

**छापेमारी में जब्त किए 700 सिलेंडर :** रिफाइनरियों को घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के लिए 9 मार्च को आदेश दिया था। लेकिन अब कमर्शियल सप्लाई को 70% तक सुरक्षित किया गया है। आदेश में रेस्टोरेंट, ढाबा, होटल, कैंटीन, सब्सिडाइज कैंटीन, सामुदायिक किचन को सप्लाई देने की बात कही गई थी। 23 मार्च से 4 लाख 30 हजार, 5 किलो के सिलेंडर प्रवासी मजदूरों को दिए गए हैं। 14 मार्च से 60 हजार टन कमर्शियल एलपीजी कमर्शियल इस्टेबलिशमेंट्स को दी गई है। राज्यों की कालाबाजारी, जमाखोरी रोकने में अहम भूमिका है। उनकी छापेमारी जारी है। बीते 1 अप्रैल तक कुल 2 हजार 600 छापेमारी की गई, 700 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। हैदराबाद में एक कब्रिस्तान के अंदर 400 सिलेंडर मिले हैं। वहां 10 लोगों को पकड़ा है और डिस्ट्रीब्यूटर को निलंबित किया गया है।

**4 हजार 900 फोन कॉल का दिया जवाबः** केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय के अधिकारी मुकेश मंगल ने कहा कि मंत्रालय पश्चिम-एशिया के हालात पर निगरानी रखे हुए है। पिछले 24 घंटे में इलाके से किसी घटना की कोई जानकारी नहीं है। फारस की खाड़ी के इलाके में भारत के 18 जहाजों पर सवार 485 नाविक सुरक्षित हैं।

### जटिल पेट्रोकेमिकल ...

अब चुनौती आने पर हमारे कुछ क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं, जिसमें जेम्स-ज्वेलरी, फार्मा, कृषि (चावल), इंजीनियरिंग गुड्स, प्लास्टिक एंड पेट्रोलियम उत्पाद मुख्य हैं। इन क्षेत्रों में हमने व्यापार में तनाव महसूस किया है। खाद्य और कृषि में पेरिशिएबल्स, बासमती के पेमेंट चैनल, क्रेडिट साइकल प्रभावित हो सकती हैं। उर्वरकों में यूरिया पर दबाव आ सकता है। इंजीनियरिंग गुड्स में गल्फ एरिया हमारा सबसे बड़ा मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट कैटेगरी और बाजार है।

### 'होर्मुज को लेकर...

और गैस की सप्लाई को लेकर संकट गहरा रहा है। अब तक 6 भारतीय जहाजों ने होर्मुज को पार किया है। समुद्री आवाजाही को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी पक्षों से संवाद चल रहा है।

### यूएई में घायल ...

स्थिर बनी हुई है। इलाके में भारत का वाणिज्य दूतावास घायल को हर संभव मदद प्रदान कर रहा है। विदेश मंत्रालय का विशेष कंट्रोल रूम हालात पर कड़ी निगरानी बनाए हुए है। युद्ध के बीच उड़ानों की स्थिति सामान्य बनी हुई है। अभी तक कुल 6 लाख 24 हजार लोग भारत पहुंचे हैं। आज 90 उड़ानें यूएई से देश वापस आएंगी। कतर एयरवेज की 8 से 10 उड़ानें 2 अप्रैल को देश पहुंचेंगी। इजरायल से भारतीयों को जॉर्डन, मिस्र के रास्ते और इराक में जॉर्डन, सऊदी अरब और कुवैत, बहरीन से सऊदी अरब के रास्ते सुरक्षित स्वदेश वापस लाया जा रहा है।

### संविधान की शपथ...

डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और एसएसपी को फोन किया, लेकिन किसी से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद कलकत्ता हाई कोर्ट ने सर्वोच्च न्यायाधीश ने पुलिस महानिदेशक और गृह सचिव से संपर्क किया ताकि संबंधित अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत ड्यूटी निभा रहे न्यायिक अधिकारियों को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था में अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता थी। कलकत्ता हाई कोर्ट के अन्य वरिष्ठ जज भी चीफ जस्टिस के संपर्क में थे। न्यायिक अधिकारियों को रात 12 से 1 बजे के बीच छोड़ा गया और जब वे जा रहे थे, तो उनकी गाड़ियों पर पथराव किया गया और हाथापाई भी हुई।

### सरमा देश के सबसे...

के बदले भाजपा को करोड़ों रुपये मिलते हैं और यही पैसा वह राजनीति में इस्तेमाल करती है। राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दबाव में आकर अमेरिका को कई बड़ी रियायतें दी हैं, लेकिन बदले में भारत को कुछ नहीं मिला। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र अमेरिकी किसानों के लिए खोल दिया गया, जिससे छोटे भारतीय किसान बर्बाद हो जाएंगे। साथ ही, भारत की ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका के हवाले कर दी गई है। रूस या ईरान से तेल खरीदने के लिए अब भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अनुमति लेनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त भारतीय डेटा भी अमेरिका को सौंप दिया गया। यही नहीं, हर साल नौ लाख करोड़ रुपये का सामान अमेरिकी कंपनियों से खरीदने का वादा किया गया, जिससे हमारे छोटे व मध्यम उद्योग बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने एपस्टीन फाइल्स और उद्योगपति अडानी पर अमेरिका में चल रहे केस का उल्लेख करते हुए कहा कि ट्रंप इनका इस्तेमाल मोदी पर दबाव बनाने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाखों एपस्टीन फाइल्स अभी सार्वजनिक नहीं की गई हैं, उनके सामने आने से नरेंद्र मोदी का असली चरित्र उजागर हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के पास अडानी की कंपनियों और मोदी के भ्रष्टाचार की पूरी जानकारी है। अगर अडानी अमेरिका चला गया तो उसे जेल में डाल दिया जाएगा और नरेंद्र मोदी का गुब्बारा वहीं फट जाएगा। साथ ही व्यवसाय के लिए उन्हें 50 हजार रु की सहायता दी जाएगी। हर परिवार को 25 लाख रु तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जाएगा। 10 लाख भूमिपुत्रों को स्थायी पट्टा दिया जाएगा और बुजुर्गों को हर महीने 1,250 रु की सहायता मिलेगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी जितेंद्र सिंह अलवर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई आदि वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### संवाद और सहयोग ...

बढ़ाने के प्रति रूस की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस बात पर जोर देते हुए कि संवाद और सहयोग से भारत और रूस के संसदीय संबंध और प्रगाढ़ होंगे, बिरला ने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी परस्पर विश्वास पर आधारित है और समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि भारत की स्वतंत्रता के बाद से, रूस इसके सबसे करीबी और विश्वसनीय भागीदारों में से एक रहा है, और दोनों देशों के लोगों के बीच मित्रता और सहयोग पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है।

### मंत्रिस्तरीय सम्मेलन...

की आवश्यकता दोहराई, साथ ही किसानों के हितों की रक्षा के लिए विशेष सुरक्षा तंत्र की मांग रखी। मत्स्य पालन सब्सिडी के संदर्भ में उन्होंने बताया कि सदस्य देशों के बीच अत्यधिक दोहन और अधिक क्षमता की समस्या को लेकर सहमति बनी है। भारत ने सतत (सस्टेनेबल) मछली पकड़ने की पद्धतियों का समर्थन किया है और छोटे तथा पारंपरिक मछुआरों के हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। सरकार मछली पकड़ने की क्षमता पर निगरानी रख रही है और इस क्षेत्र के विकास के लिए उचित संक्रमण अवधि की मांग कर रही है।

### राज्यसभा में जन...

प्रभावित कर सकते हैं। वहीं तृणमूल कांग्रेस के सांसद डॉ. नदिमुल हक ने कहा कि यह विधेयक लगभग 80 केंद्रीय कानूनों में बदलाव करता है। उन्होंने सवाल उठाया कि सभी आपराधिक प्रावधानों को एक साथ जोड़ने की क्या आवश्यकता थी। उनका आरोप था कि इससे विधायी भावना और उद्देश्य कमजोर होता है। दूसरी ओर भाजपा के सांसद लहर सिंह सिरोया ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार ने उद्योग, स्टार्ट-अप, एमएसएमई और किसानों सहित सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा है। उन्होंने बताया कि 24 सदस्यीय चयन समिति ने इस विधेयक पर 49 बैठकों में गहन विचार-विमर्श किया है। उनके अनुसार, यह विधेयक दंडात्मक प्रावधानों की जगह संतुलित और अनुपातिक दंड व्यवस्था को बढ़ावा देता है, जो एक सकारात्मक सुधार है। संसद में इस विधेयक पर चर्चा जारी है और इसके पारित होने पर देश में व्यवसायिक माहौल और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में बड़े बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

### ममता अब दीदी नहीं ...

नहीं धर्म युद्ध है। इस माहौल में श्री राम का मंत्र हम सभी को ताकत दे रहा है। आज हमारे बंगाल में यहां का युवा-महिला-गरीब-किसान, सभी लोग बदलाव के लिए खड़े हो गए हैं। सब अपनी आन-बान-शान के लिए लड़ रहे हैं। आज दुनिया की कोई ताकत भाजपा को बंगाल में सत्ता हासिल करने से रोक नहीं सकती। बांकुरा जिले में 15 साल से सत्ता पर कायम ममता दीदी के राज में लोग पलायन कर रहे हैं। कोई ओडिसा जा रहा है, कोई महाराष्ट्र जा रहा है, कोई झारखंड जा रहा है।

### पश्चिम बंगाल अब ...

बनाने के लिए, उसे पक्का मकान दिलाने का कलेजा केवल भाजपा के पास है। आज गरीब को पक्का मकान, राशन मिल रहा है। आज एससी-एसटी वर्ग को दस लाख से लेकर एक करोड़ रुपए तक के लोन स्टैंडअप योजना के माध्यम से मिले हैं। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। मजबूत स्थिति में है हमारा देश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दुनियाभर में हाहाकार मचा हुआ है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश फल-फूल रहा है। वो जमाना गया जब आतंकवादी महानगरों में विस्फोट करके चले जाते थे, आज भारत पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों को खत्म करता है। 56 इंच के सीना वाले प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेना का हौसला बढ़ा है। आज ममता दीदी ने 77 समुदाय की ओबीसी लिस्ट में मुस्लिम जातियां जोड़ दीं, हिंदुओं को नहीं जोड़ा। मैं पूछना चाहता हूं कि वोट के लिए ऐसा पागलपन क्यों करना। इसलिए, बंगाल के लोगों ने कसम खाई है भाजपा को सत्ता में लाने की।




**खबर संक्षेप**

### एमसीडी : अभिषेक मिश्रा निलंबित, ममता यादव बनीं नई उपायुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते निलंबित किए गए उपायुक्त अभिषेक मिश्रा के स्थान पर ममता यादव को नई उपायुक्त नियुक्त किया गया है। इस संबंध में निगम के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा औपचारिक आदेश जारी कर दिया गया है, जिसे तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश भी दिए गए हैं। निगम प्रशासन की ओर से यह कदम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं, सूत्रों के अनुसार, अभिषेक मिश्रा पर लगे आरोपों की जांच जारी है और प्रशासन ने कार्य व्यवस्था को प्रभावित होने से बचाने के लिए त्वरित निर्णय लेते हुए नई नियुक्ति की है। ममता यादव के उपायुक्त पद पर कार्यभार संभालने से निगम के कामकाज में निरंतरता बनाए रखने और जनहित से जुड़े कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सूरज के बिगड़े तेवर से पारा 36 डिग्री दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में राहत के साथ शुरू हुए अप्रैल के दूसरे ही दिन गुरुवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला और सूरज ने कड़े तेवर दिखाए। सूरज के बिगड़े तेवर के चलते ही अधिकतम तापमान बढ़कर 36 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया और लोग पसीना पसीना दिखाई देने लगे। वहीं 3 से 8 अप्रैल के बीच बारिश,ओलावृष्टि, आंधी की संभावना व्यक्त की गई है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार बुधवार की तुलना में गुरुवार को अधिकतम तापमान तीन डिग्री बढ़कर 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से महज 0.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आईएमडी ने बताया कि शुक्रवार को दिल्ली में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। जबकि शनिवार को येलो अलर्ट के तहत कई जगह अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है।

### मलबे को हटाने के लिए चला सघन अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दिल्ली में मलबे को हटाने के लिए सघन अभियान चलाया जिसमें करीब 1.5 लाख मीट्रिक टन मलबा हटाया गया। निगम प्रशासन ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में 6 मार्च से 31 मार्च 2026 तक निर्माण एवं विध्वंस कचरे (मलबे) को सड़कों, नालों, गलियों और अन्य सार्वजनिक स्थलों से बड़े पैमाने पर हटाने के लिए एक व्यापक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। निगम प्रशासन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य शहरी स्वच्छता में सुधार और धूल प्रदूषण को कम करके जन स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था। इस अभियान के दौरान दिल्ली नगर निगम के सभी जोनों की संपूर्ण स्वच्छता व्यवस्था को समन्वित रूप से सक्रिय किया गया।

13 जिलों में एसपीसीए समितियां बनाने का निर्णय

# संवेदनशील और जिम्मेदार समाज के लिए पशु संरक्षण जरूरी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने राजधानी में पशु कल्याण व्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। सभी 13 राजस्व जिलों में सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (एसपीसीए) का गठन करने का निर्णय लिया है, जिसकी कमान अब संबंधित जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के हाथ में होगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि राजस्व जिलों के हालिया पुनर्गठन के बाद यह कदम उठाया गया है ताकि पशु संरक्षण से जुड़े कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन जिला स्तर पर सुनिश्चित किया जा सके। ये सभी एसपीसीए समितियां पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत कार्य करेंगी और इनमें पशु कल्याण के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों व अन्य सदस्यों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में काम करने वाली ये समितियां पशुओं के प्रति क्रूरता के मामलों में तेजी से कार्रवाई, बेहतर निगरानी और समन्वय सुनिश्चित करेंगी, जिससे जमीनी स्तर पर व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी।

उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर गठित एनिमल वेलफेयर बोर्ड इस पूरी व्यवस्था का शीर्ष निकाय होगा। यह बोर्ड कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेगा और जिला स्तर पर कार्यरत एसपीसीए को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, जिससे उनकी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब अलग से संचालित दिल्ली सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (डीएसपीसीए) को बंद कर दिया जाएगा। इस कदम से व्यवस्था अधिक स्पष्ट, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनेगी।

### पशुओं के संरक्षण और कल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार पशुओं के संरक्षण और कल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य स्तरीय एनिमल वेलफेयर बोर्ड और जिला एसपीसीए का यह संयुक्त ढांचा न केवल संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि राजधानी में पशु कल्याण के परिणामों में भी ठोस सुधार सुनिश्चित करेगा। पशुओं का संरक्षण एक संवेदनशील और जिम्मेदार समाज की पहचान है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये कदम दिल्ली को अधिक मानवीय और उत्तरदायी समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# नगर निगम ने स्वच्छता के लिए खरीदे वाहन

### महापौर ने वाहनों के बेड़े को दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने गुरूवार को दिल्ली नगर निगम द्वारा खरीदे गए वाहनों के बेड़े को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य शहर में स्वच्छता सेवाओं को सुदृढ़ करना और जलभराव की स्थिति से निपटने की क्षमता को मजबूत करना है। महापौर ने आगे कहा कि पिछले कई सालों से दिल्ली की जनता ने सिर्फ विज्ञापनों में काम देखा था, जमीन पर कुछ नहीं हो रहा था। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में बदलाव और विकास की बयार बह रही है। अधिकारी अब दफ्तरों से निकलकर फील्ड में जा रहे हैं और दिल्ली के विकास के लिए पूरी लगन और मेहनत से कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, पर्यावरण प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, निगम आयुक्त संजीव खिरवार तथा दिल्ली नगर निगम दिल्ली के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली को बना दिया बच्चों की तस्करी का अड्डा : संजीव झा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में लगातार गायब हो रहे बच्चों को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट की आई तीखी टिप्पणी के बाद आम आदमी पार्टी ने भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार और पुलिस पर निशाना साधा है। गुरुवार को 'आप' मुख्यालय पर विधायक कुलदीप कुमार के साथ प्रेस वार्ता कर संजीव झा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट को यह कहना पड़ा कि बच्चों की तस्करी लगातार बढ़ रही है और दिल्ली उसका अड्डा बना है। 'आप' के वरिष्ठ नेता और विधायक संजीव झा ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की राजधानी दिल्ली को बच्चों की तस्करी की राजधानी बना दिया है। अब तो हाईकोर्ट ने भी कह दिया है कि दिल्ली बच्चों की तस्करी का अड्डा बन गई है। कोर्ट की ये टिप्पणी सरकार के लिए बेहद शर्मनाक है। अब तो सरकार जागे और बच्चों की सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हर रोज 17 बच्चे गायब हो रहे हैं और इनमें 72 फीसद नाबालिग बच्चियां हैं। इसके बाद भी भाजपा सरकार को जरा चिंता नहीं है। वहीं, कोंडली विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि हम सबके घर-परिवार में बच्चे और बच्चियां हैं। यह सोचने वाली बात है कि आज हाई कोर्ट को यह टिप्पणी करनी पड़ गई है। हाई कोर्ट की इस टिप्पणी से पहले आम आदमी पार्टी ने प्रेस वार्ता कर बताया था कि दिल्ली में लगातार लोग, बच्चियां और महिलाएं गायब हो रही हैं।

### प्रेसवार्ता में दिल्ली सरकार पर आप नेताओं ने साधा निशाना




### बच्चों के गायब होने पर यादव ने उठाए सवाल, पूछा क्यों हो रही है सरकार विफल



**नई दिल्ली।** राजधानी में बच्चों के बड़ी संख्या में गायब के मामले पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाए है। यादव ने पूछा है कि क्या कारण है कि गत 11 सालों से केंद्र में बैठी भाजपा सरकार पूरी विफल साबित हो रही है। यादव ने कहा पिछले 11 वर्षों में दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार 18 वर्ष तक के 5559 बच्चे और युवा लापता हुए और पुलिस द्वारा 4864 को पुलिस ने ढूंढने के बाद 695 युवा आज तक लापता है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल 2022 को दिल्ली पुलिस द्वारा लापता बच्चों को ढूंढने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर एसओपी बनाने के बावजूद पिछले 11 वर्षों में राजधानी में कुल 255432 लोग लापता है। जिनमें से 201455 को पुलिस ने ढूंढ लिया लेकिन 53977 लोग अभी तक लापता है। यादव ने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 2018 से 2024 के बीच रेलवे परिसर में 84000 बच्चों को बचाया, जबकि रेलवे स्टेशन के आसपास इलाकों में खुलेआम बच्चों की तस्करी होती है। यही नहीं मौजूद आंकड़ों अनुसार एक अप्रैल, 2023 से 29 जनवरी, 2026 तक दिल्ली में ट्रेफिकिंग के शिकार हुए 6759 नाबालिगों को मुक्त कराया गया जिनमें 2134 लड़कियां और 3281 लड़के शामिल है। उन्होंने कहा कि इसी दौरान देश भर में 1,25,408 बच्चों को मानव तस्करी गिरोह से छुड़ाया गया। मुक्त कराए गए बच्चों में 28797 लड़किया और 67387 लड़के थे। कुल 56459 मानव तस्करी के केस दर्ज कराए गए। लड़कियों के अनुपात में लड़कों की संख्या अधिक होने कारण लालच, धोखा और गिरोहों की धमकियों के कारण बच्चें तस्कर गिरोह के जाल में फंस जाते है।

### डीयू में अंतरराष्ट्रीय ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर रैली का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में उन्नीसवें अंतरराष्ट्रीय ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर पीतमपुरा डीआईईटी के पूर्व प्रधानाचार्य व दिव्यांग डॉ. राम किशन के मार्गदर्शन में आधार इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन ने एक भव्य रैली का आयोजन किया। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. राम किशन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ऑटिज्म के बारे में जागरूकता बढ़ाना और समाज में ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति समझ और समर्थन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर वज़ीर पुर क्षेत्र की नगर पार्षद वीना मुख्य अतिथि थी। इस तरह के आयोजनों से ऑटिज्म के बारे में जागरूकता बढ़ाने और समाज में समावेशिता को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद शर्मा ने बताया कि इस दौरान खालसा कॉलेज से लेकर डीयू कुलपति कार्यालय तक जागरूकता अभियान में बड़ी संख्या में लोगों को ऑटिज्म के बारे में जानकारी दी। यह अभियान समाज में ऑटिज्म के प्रति समझ, स्वीकृति और सम्मान बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### वुजूखाने के 'टिनशेड' पर चढ़कर झंडा लहराने के मामले में दो लोगों की हुई पहचान

**नई दिल्ली।** दक्षिणपूर्वी दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में शोभा यात्रा के दौरान एक मस्जिद के वुजूखाने के 'टिनशेड' पर चढ़कर भगवा झंडा लहराने वाले दो लोगों की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। इससे पहले पुलिस के एक अधिकारी ने बताया था कि इस बाबत दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना अपराह्न करीब 1:30 बजे हुई जब एक शोभायात्रा इलाके से गुजर रही थी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने मस्जिद के वुजूखाने के टिनशेड पर चढ़कर झंडा लहराया, जिससे तनाव उत्पन्न हो गया। अधिकारी ने बताया कि इलाके में मोटरसाइकिल पर मौजूद गश्ती दल ने इस घटना को देखा और तुरंत हस्तक्षेप करते हुए दोनों को बिना किसी देरी के टिनशेड से नीचे उतार लिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जल्द ही मौके पर पहुंचे और तनाव को कम करने के लिए मस्जिद समिति के सदस्यों और स्थानीय निवासियों के साथ बातचीत की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में और शांतिपूर्ण है। गश्ती दल द्वारा त्वरित कार्रवाई से किसी भी प्रकार की स्थिति बिगड़ने से रोकने में मदद मिली।

### पर्यावरणीय संरक्षण को मजबूत करने के लिए नौ पद किए सृजित : सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार पर्यावरणीय संरक्षण को मजबूत करने के लिए जरूरी सुधार कर रही है। दिल्ली के अलग-अलग फील्ड डिविज़न में वाइल्डलाइफ इंस्पेक्टर की तैनाती एक महत्वपूर्ण कदम है, इससे हमारी टीमें वाइल्डलाइफ की सुरक्षा, पोचिंग रोकने और ह्यूमन-वाइल्डलाइफ कॉनफ्लिक्ट को समय रहते संभाल सकेंगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरूवार को यह जानकारी दी। मंत्री सिरसा ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने फॉरेस्ट्स - वाइल्डलाइफ डिपार्टमेंट में वाइल्डलाइफ इंस्पेक्टर (डायरेक्ट रिक्रूटमेंट) के 9 पद सृजन को मंजूरी दी है। ये पद 7वें सेंट्रल पे कमीशन के तहत पे मैट्रिक्स के लेवल-6 (35,400-1,12,400) में रखे गए हैं और इन्हें नोटिफाई कर दिया गया है। यह पहल शहरी पर्यावरण चुनौतियों के बीच वाइल्डलाइफ कंज़र्वेशन और बायोडायवर्सिटी प्रोटेक्शन के लिए सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वाइल्डलाइफ इंस्पेक्टर के लिए रिक्रूटमेंट रूल्स को उपराज्यपाल, दिल्ली की मंजूरी से संशोधित कर गजट में नोटिफाई किया गया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि "सरकार पर्यावरणीय संरक्षण को मजबूत करने के लिए जरूरी सुधार कर रही है। दिल्ली के अलग-अलग फील्ड डिविज़न में वाइल्डलाइफ इंस्पेक्टर की तैनाती एक महत्वपूर्ण कदम है, इससे हमारी टीमें वाइल्डलाइफ की सुरक्षा, पोचिंग रोकने और ह्यूमन-वाइल्डलाइफ कॉनफ्लिक्ट को समय रहते संभाल सकेंगी।"

# घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए: खरखड़ी

### सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा कराई जाए उपलब्ध, सांसद ने लिया घटना का संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के नजफगढ़ क्षेत्र के मित्राऊं रोड स्थित एक सीएनजी स्टेशन पर गैस भरवाते समय हुए एक गंभीर हादसे में घायलों को लेकर क्षेत्रीय निगम पार्षद अमित खरखड़ी तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पार्षद खरखड़ी ने बताया कि क्षेत्र की सांसद कमलजीत सहरावत ने भी इस घटना का संज्ञान लिया है और संबंधित विभागों को तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि घटना के कारणों की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच की जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पार्षद अमित ने संबंधित अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली तथा यह सुनिश्चित किया कि घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए।

इसके बाद पार्षद खरखड़ी राव तुला राम अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। पार्षद अमित खरखड़ी ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। हमारी प्राथमिकता है कि सभी घायलों को शीघ्र स्वस्थ किया जाए और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाए। प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ खड़ा है।

श्रद्धालुओं ने निकाली शोभा यात्राएं

# धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव, मंदिरों में लगी लंबी लाइनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

श्री राम भगत भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर गुरुवार को दिल्ली के छोटे बड़े मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। बुधवार देर रात से ही राजधानी के प्राचीन हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी लंबी लाइनें लगी रही। सुबह चार बजे मंदिरों के पट खुलते ही जय श्रीराम, जय हनुमान के नारों से आसमान गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जन्मोत्सव की खुशी में जगह जगह शोभा यात्राएं निकाली, छोटे से लेकर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। रात के समय मंदिरों में विशाल जागरण, भजन कीर्तन आदि के आयोजन हुए। राजधानी में प्राचीन मंदिरों में शामिल यमुना बाजार स्थित पांडव कालीन मरघट वाले हनुमान जी मंदिर, करोल बाग स्थित 108 फुट उंचे हनुमान मंदिर संकट मोचन धाम, चांदनी चौक स्थित नरसिंह हनुमान मंदिर, रमेश नगर हनुमान मंदिर व आईटीओ स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की लाइन लगी रही। चांदनी चौक स्थित नरसिंह भगवान मंदिर में धुरंधर फिल्म के कलाकार राकेश बेदी ने दर्शन किए।

वहीं सीएम रेखा गुप्ता ने कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर व करोल बाग हनुमान मंदिर में दर्शन किए। वहीं भाजपा, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस सहित अन्य नेताओं ने भी विभिन्न मंदिरों में हनुमान जी के दर्शन किए। हनुमान जन्मोत्सव के मद्देनजर जहां पुलिस ने सुरक्षा को लेकर कई कदम उठाने के दावे किए। वहीं बड़े मंदिरों के प्रबंधकों न पुलिस के अलावा अपने स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था लेकर श्रद्धालुओं के सुरक्षा, सुविधा का पूरा ख्याल रखा।



### सेवा और साहस के प्रतीक हैं श्री हनुमान : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** सेवा और साहस के प्रतीक हैं श्री हनुमान और उनके आदर्शों से राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मिलती है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर करोल बाग स्थित 108 फुट श्री संकट मोचन धाम में पूजा-अर्चना कर दिल्लीवासियों की सुख-समृद्धि और नागरिकों के कल्याण की कामना के बाद यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना में भाग लेते हुए भक्ति भाव से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ मिलकर श्री हनुमान का स्मरण किया और देश व दिल्ली की उन्नति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु हनुमान का जीवन सेवा, समर्पण, साहस और निष्ठा का प्रतीक है। उनके आदर्श हमें समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे पावन अवसर समाज में सकारात्मक ऊर्जा, एकता और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं।



### सौरभ ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पिछले साल की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार को चिराग दिल्ली में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा सुबह 9 बजे प्राचीन शिव मंदिर से शुरू हुई और पूरे चिराग दिल्ली का एक चक्कर लगाकर वापस वही खत्म हुई। आप प्रदेश कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस शोभायात्रा में बड़ी तादात में हनुमान भक्तों से शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण कर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने बजरंग बली से विश्व में चल रहे लड़ाई-झगड़े को खत्म कर शांति व विकास की राह पर चलने की प्रार्थना की। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

# पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी में बैंक्वेट हॉल में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी में गगन सिनेमा के पास एक बैंक्वेट हॉल में गुरुवार शाम आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। नंद नगरी इलाके में गगन सिनेमा के पास स्थित एक बैंक्वेट हॉल में गुरुवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देखते ही देखते आग ने बैंक्वेट हॉल के एक हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे इलाके में धुआं फैल गया। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के लोगों को मौके से दूर किया गया। दमकल कर्मियों द्वारा लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि दमकल विभाग और पुलिस की टीम मामले की विस्तृत जांच कर रही है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

हरियाणा सरकार

"मुझे विश्वास है की संकट की उभरती स्थिति में "टीम इंडिया" के रूप में मिलकर काम करते हुए देश इस स्थिति से सफलतापूर्वक निपट लेगा। सरकार की प्राथमिकता आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, नागरिकों के हितों की रक्षा करना तथा उद्योग और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूती प्रदान करना है।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# नियमित व निर्बाधित
## एल.पी.जी. की सप्लाई और डिस्पैच

**प्रदेश में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता**
**आपूर्ति सुचारू रूप से जारी**



**न करें अफवाहों पर गौर**

**कृपया घबराहट में अनावश्यक बुकिंग न करें**

## जनता से अपील

**केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें**

## नियमित व निर्बाधित एल.पी.जी. की सप्लाई और डिस्पैच के लिए
**प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक चंडीगढ़ मुख्यालय तथा सभी जिलों पर कन्ट्रोल रूम स्थापित**

| क्रमांक | जिला का नाम | कन्ट्रोल रूम नं. | क्रमांक | जिला का नाम | कन्ट्रोल रूम नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अम्बाला | 0171-2982868 | 14 | नारनौल | 01282-251249 |
| 2 | भिवानी | 01664-242125 | 15 | पानीपत | 0180-2653850 |
| 3 | फरीदाबाद | 0129-2288245 | 16 | पंचकूला | 0172-2929353 |
| 4 | फतेहाबाद | 01667-230773 | 17 | रेवाड़ी | 01274-225214 |
| 5 | गुरुग्राम | 0124-2868930 | 18 | रोहतक | 01262-269895 |
| 6 | हांसी | 01663-254074 | 19 | सिरसा | 01666-248422 |
| 7 | हिसार | 01662-233944 | 20 | सोनीपत | 0130-2242428 |
| 8 | जीन्द | 01681-245375 | 21 | यमुनानगर | 01732-237800 |
| 9 | झज्जर | 01251-254270 | 22 | पलवल | 01275-248911 |
| 10 | करनाल | 0184-2285963 | 23 | चरखी-दादरी | 01250-295501 |
| 11 | कैथल | 01746-224243 | | | |
| 12 | कुरुक्षेत्र | 01744-294418 | | | |
| 13 | मेवात | 01267-274615 | | | |

**मुख्यालय**
**1800-180-2087**

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# सुरक्षा के लिए चुनौती बने चीनी कैमरों पर सख्ती

देश की आंतरिक सुरक्षा में आज के समय में डिजिटल ढांचे की मजबूती बेहद जरूरी है। ऐसे समय में जब हर गली, चौराहे, सरकारी दफ्तर और संवेदनशील प्रतिष्ठानों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के भरोसे है, उन्हीं कैमरों के जरिए सुरक्षा में सेंध की आशंका गंभीर चिंता का विषय है। दिल्ली में लगे करीब 1.40 लाख चीनी सीसीटीवी कैमरों को हटाने का आदेश इसी खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। दरअसल, तकनीक अब दोधारी तलवार बन चुकी है। एक ओर यह सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान करती है, तो दूसरी ओर अगर यही तकनीक बाहरी नियंत्रण में हो तो यह देश के लिए जासूसी का सबसे खतरनाक हथियार बन सकती है। चीन की कंपनियों द्वारा निर्मित कैमरों को लेकर लंबे समय से यह आशंका जताई जाती रही है कि इनके जरिए डेटा लीक या बैकडोर एक्सेस संभव है। इनके जरिये डेटा पाकिस्तान तक भेजा जा रहा है। हाल ही में हरियाणा, दिल्ली, यूपी और आसपास के क्षेत्रों से जुड़े पाकिस्तानी जासूसी रैकेट का खुलासा इस खतरे की वास्तविकता को सामने लाता है। अगर देश के भीतर लगे निगरानी उपकरण ही दुश्मन के हाथों में सूचना पहुंचाने का जरिया बन जाएं, तो यह केवल तकनीकी चूक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा में गंभीर खामी मानी जाएगी। यह मामला केवल एक शहर या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि वैश्विक स्तर पर कई देशों ने पहले ही ऐसे उपकरणों पर प्रतिबंध या नियंत्रण लगा दिया है। अमेरिका, इजराइल जैसे देशों ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से विदेशी तकनीक के उपयोग में बेहद सतर्क नीति अपनाई है। भारत जैसे विशाल और संवेदनशील देश के लिए यह और भी जरूरी हो जाता है कि वह अपने डिजिटल संसाधनों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाए। दिल्ली में पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाए गए लाखों कैमरों में बड़ी संख्या एक ही चीनी कंपनी के होने का तथ्य यह भी दर्शाता है कि हमने लागत और सुविधा के नाम पर सुरक्षा से समझौता किया। सबसे बड़ा खतरा तथाकथित 'बैकडोर एक्सेस' का है। यदि किसी कंपनी के पास अपने उपकरणों पर दूर से नियंत्रण या डेटा तक पहुंच की क्षमता है तो वह किसी भी समय संवेदनशील जानकारी हासिल कर सकती है। यह खतरा केवल जासूसी तक सीमित नहीं, बल्कि साइबर हमलों और महत्वपूर्ण ढांचे को पंगु बनाने तक जा सकता है। ऐसे में सरकार द्वारा इन कैमरों को हटाने का निर्णय एक एहतियाती कदम ही नहीं, बल्कि अनिवार्य कार्रवाई है। जरूरी है कि इस फैसले को केवल राजनीतिक चश्मे से न देखा जाए। यह मुद्दा किसी एक पार्टी या सरकार का नहीं, बल्कि देश की सामूहिक सुरक्षा का है। पिछले वर्षों में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ हमने विदेशी तकनीक पर जो निर्भरता बढ़ाई है, अब समय आ गया है कि उसकी समीक्षा की जाए। इससे स्पष्ट संदेश निकलता है कि सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता ही सबसे बड़ा समाधान है। 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों को अब केवल नारे नहीं, बल्कि ठोस रणनीति के रूप में लागू करने की जरूरत है। सीसीटीवी कैमरे केवल निगरानी का साधन नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा की आंखें हैं। अगर इन आंखों पर किसी और का नियंत्रण होगा, तो खतरा केवल दिखाई देने वाला नहीं, बल्कि अदृश्य भी होगा। इसलिए चीनी कैमरों पर सख्ती केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में उठाया गया एक जरूरी और समायोचित कदम है।

# 'भारत' में नक्सल मुक्त नया 'बस्तर' शाह के संकल्पों का परिणाम



विचार
ओपी चौधरी

बस्तर में हुई शहादतों को सच्ची श्रद्धांजलि मिली 31 मार्च 2026 को 31 मार्च 2026 का दिन बस्तर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया। वह दिन जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित समय-सीमा पूरी हुई और बस्तर से नक्सलवाद का जड़ से खात्मा हो गया। बस्तर की धरती पर शहीदों की समाधियों पर फूल चढ़ाए गए, दीप जलाए गए और उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। वर्षों तक बंदूक की नोक पर जीने वाले बस्तर के आदिवासी परिवारों ने पहली बार बिना डर के सांस ली।

जंगलों में गूंजती गोलियों की आवाज की जगह अब विकास की ध्वनि सुनाई देगी। स्कूल की घंटियाँ, अंदरूनी सड़कों पर चलती यात्री बसें, साप्ताहिक हाट बाजार, दशकों तक नहीं बोए गए खेतों में किसानों की हलचल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की यह श्रद्धांजलि केवल शब्दों में नहीं, बल्कि बस्तर की बदलती जिंदगी की तस्वीर में नजर आ रही है। इसके लिए छत्तीगढ़ के पक्ष-विपक्ष दोनों को मिलकर अमित शाह जी का नागरिक अभिनंदन करना चाहिये ।

नक्सलवाद का बस्तर में चरमकाल चार दशक से अधिक चला। 1980 के दशक से लेकर 2025 तक यह क्षेत्र 'रेड कॉरिडोर' का सबसे घना हिस्सा बना रहा। दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव जैसे जिलों में नक्सलियों की 'समानांतर सरकार' चलती थी। बंदूक, क्रूरता और भय का माहौल था। सड़कें नहीं बनती थीं, स्कूल बंद रहते थे, अस्पतालों तक पहुंचना असंभव था। लेकिन 2014 के बाद, खासकर 2024 से शुरू हुए अभियान ने स्थिति को पलट दिया। 2011 में बतौर कलेक्टर दंतेवाड़ा मेरे लिए यह सोचना भी कठिन था कि इस नक्सलवाद खत्म हो जाएगा और इसे ऐसा होता हुआ देख सकूंगा! यह विचार भी कभी मेरे मन में आ भी नहीं सका था।

इस तरह की परिस्थितियां जो बस्तर में मेरी कलेक्टर दंतेवाड़ा के रूप में पोस्टिंग से पहले सुनी थी और जाने के बाद मैंने देखी वह ऐसी किसी कल्पना को साकार ही नहीं होने दे रही थी। दंतेवाड़ा में रहते हुए जब पहली बार किसी ऐसे बेल्ट में काम करने का मौका मिला जहां बहुत कुछ करने की संभावना साफ दिखाई दे रही थी।जिसमें बंदूक और क्रूरता के सामने समूचा सिस्टम काम करने से पहले ही मन में को ही डराने लगता था। कोई ऐसा सप्ताह ऐसा नहीं जाता था,जब हमें नए शहीदों को श्रद्धांजलि नहीं देनी होती थी। हां, ऐसा ही कुछ दुर्भाग्यजनक था बस्तर का हाल! इस बस्तर में बीते चार दशक से ज्यादा समय में ना जानें कितनी मौतें जंगल में, सड़क में दर्ज हैं। मानों इसे अमिट स्याही से लिखा गया बस्तर का भविष्य दिखाई देता था।



जावंगा में एजुकेशन सिटी निर्माण के दौरान नक्सलियों का धमकी भरा पत्र मिलना इस तरह की योजनाओं को बंद करने की कोशिश ही थी। हम बस्तर के उस हिस्से में थे जहां 6 अप्रेल 2010 को ताड़मेटला में 76 जवान शहीद हो चुके थे,जो आजाद भारत में एक साथ शहादत की सबसे बड़ी घटना थी।इससे पहले सैकड़ों लैंडमाइन ब्लास्ट से सैकड़ों जाने जा चुकीं थीं। यहां दंतेवाड़ा अरनपुर तक सड़क निर्माण के लिए दो हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती होती थी। ऐसे दर्जनों सड़कें थीं जिसमें ठेकेदार काम करने के लिए तैयार नहीं थे। कोई स्कूल बनाना नहीं चाहता था।

ऐसे में 25 मई 2013 में झीरम हमलें में कांग्रेस के बड़े नेताओं की शहादत हो जाती है। और इसके बाद 9 अप्रैल 2019 में भाजपा के युवा विधायक भीमा मंडावी की मौत आईईडी ब्लास्ट से होने की खबर आती है। यानी पुराने बस्तर में कोई भी सुरक्षित नहीं था। जरा सोचिए बस्तर में लगातार घट रही इन घटनाओं का प्रभाव स्थानीय आदिवासियों के मन में कितना पड़ रहा होगा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हथियारबंद आतंक के खात्में के संकल्प को पूरा करने सशक्त नेतृत्व दिया और गृहमंत्री अमित शाह ने तारीख तय कर दी। उन्होंने अगस्त 2024 में समीक्षा के बाद स्पष्ट समय-सीमा तय की '31 मार्च 2026' तक देश को नक्सल मुक्त करना है। यह पहली बार हुआ जब तारीख बताकर उस दिशा में प्रयास शुरू किया गया। बस्तर को इस लक्ष्य का केंद्र बनाया गया। उनकी व्यूह-रचना तीन स्तंभों पर टिकी थी-सुरक्षा अभियान, विकास कार्य और पुनर्वास नीति। यह दृढ़ संकल्प ही था जिसने बस्तर को नई सुबह दी। अमित शाह की कार्ययोजना की सफलता का श्रेय सुरक्षा बलों, छत्तीसगढ़ पुलिस, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और स्थानीय आदिवासियों को जाता है।

2024 से मार्च 2026 तक के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। बस्तर रेंज में 706 नक्सली मारे गए, 2218 गिरफ्तार हुए और 4839 ने आत्मसमर्पण किया। अकेले 2025 में 256 नक्सली एनकाउंटर में ढेर हुए, 1500 से अधिक ने हथियार डाले और 884 गिरफ्तार हुए। 645 हथियार और 875 आईईडी बरामद किए गए। 52 नए सुरक्षा कैंप स्थापित हुए। इन अभियानों ने नक्सलियों के कमांड स्ट्रक्चर को चूर-चूर कर दिया। सीनियर लीडरशिप का सफाया हो गया। माओवादियों की 'सेंट्रल कमेटी' तक हिल गई।

लेकिन केवल गोली से नहीं, बल्कि दिल जीतने वाली नीति से यह संभव हुआ। अमित शाह ने बार-बार कहा—"नक्सलवाद की जड़ गरीबी नहीं, विचारधारा है।" इसलिए 'गोली का जवाब गोली से' के साथ-साथ 'सुरक्षा के साथ विकास' का फॉर्मूला अपनाया गया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 'पुनर्वास नीति' को आकर्षक बनाया गया। आत्मसमर्पण करने वालों को रोजगार, मकान, जमीन और शिक्षा की गारंटी दी गई।

बस्तर में बदलाव इस समय की सबसे बड़ी सच्चाई है। कभी ना खत्म होने वाली हिंसक सोच अब पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। पर यह परिवर्तन रातोरात नहीं हुआ। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की व्यूह-रचना में फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (FOB) बनाए गए, खुफिया तंत्र मजबूत किया गया, ड्रोन और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाया गया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण था स्थानीय समर्थन। बस्तर के आदिवासी अब नक्सलियों को 'बाहरी ताकत' मानते हैं, न कि रक्षक। उन्होंने खुद सुरक्षा बलों को सूचना दी, सहयोग किया। यह विश्वास का नया अध्याय है।शहीदों की श्रद्धांजलि का सबसे सच्चा रूप यही है।

बस्तर में पिछले चार दशकों में सैकड़ों जवान, पुलिसकर्मी, CRPF के COBRA कमांडो और आम नागरिक शहीद हुए। उनके परिवार आज गर्व से सिर ऊंचा कर सकते हैं। 31 मार्च 2026 को पूरे छत्तीसगढ़ में शहीद स्मारकों पर कार्यक्रम हुए। सही मायने में गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर की धरा में अब तक हुए सारे शहीदों को नमन करते श्रद्धांजलि अर्पित किया। वास्तव में यह 'विजय' शहीदों का उपहार है।

बस्तर अब 'नक्सल-मुक्त भारत' का प्रतीक है। अमित शाह की कार्ययोजना ने साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और समन्वित प्रयास से कोई समस्या अजेय नहीं। बस्तर का यह नया अध्याय सिर्फ सुरक्षा का नहीं, बल्कि आर्थिक- सामाजिक क्रांति का भी है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बस्तर को अगले पांच वर्षों में देश के सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र बनाने का लक्ष्य रख चुकी हैं। सड़क कनेक्टिविटी 100% हो रही है। बैंकिंग, इंटरनेट, कौशल विकास केंद्र खुल रहे हैं। आदिवासी युवाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण और ट्रेनिंग मिल रही है।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बस्तर पंडुम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट किया जा रहा है। बस्तर के किसान अब बिना डर के अपनी फसल बेच रहे हैं। महुआ, तेंदू पत्ता, बांस जैसे वन उत्पादों का बाजार बढ़ा है। एमएसएमई यूनिट्स लग रही हैं। महिलाएं स्व सहायता समूह के माध्यम से आय अर्जित कर रही हैं। बच्चे स्कूल जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर नियमित हैं। टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं अब पहुंच रही हैं।

31 मार्च 2026 की तारीख केवल एक डेडलाइन नहीं थी। यह बस्तर के लाखों आदिवासियों के सपनों का सच था। बस्तर अब 'नक्सल-मुक्त' से आगे 'विकसित बस्तर' की ओर बढ़ रहा है। अमित शाह की दूरदर्शी योजना, सुरक्षा बलों की वीरता और स्थानीय लोगों का सहयोग—इन तीनों ने मिलकर इतिहास रचा। इस लेख को लिखते हुए बस्तर के उन पूर्व कलेक्टरों और अधिकारियों की याद आती है जिन्होंने दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्रों में काम किया। उन्होंने देखा कि कैसे चुनौतियां थीं, लेकिन संभावनाएं भी। आज वे संतुष्ट होंगे कि उनका संघर्ष रंग लाया।

बस्तर की यह शांति और समृद्धि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। 31 मार्च 2026 को पूरी हुई डेडलाइन ने साबित कर दिया कि जब इरादा पक्का हो, तो कोई बाधा अटल नहीं रहती। बस्तर अब नए 'भारत' का नया 'बस्तर' है। यहां बंदूकों की जगह विकास की आवाज गूंज रही है। आदिवासी संस्कृति फल-फूल रही है। युवा सपने देख रहे हैं। यह भारत की एकता और अखंडता की जीत है। अमित शाह के संकल्प ने न केवल नक्सलवाद खत्म किया, बल्कि बस्तर को मुख्यधारा में जोड़ दिया। बस्तर के शहीदों को बार-बार नमन। जय हिंद! जय बस्तर!!

*-वित्त मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन*

## पंच परिवर्तन



डॉ. मारकंडे आहूजा

# पर्यावरणीय संरक्षण जरूरत नहीं, आध्यात्मिक कर्तव्य

आज पूरी दुनिया पर्यावरण संकट के दौर से गुजर रही है। जलवायु परिवर्तन, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, नदियों का प्रदूषण और बढ़ता तापमान मानव सभ्यता के सामने गंभीर चुनौती बन चुके हैं। वैज्ञानिक समाधान आवश्यक हैं परन्तु केवल तकनीकी उपाय पर्याप्त नहीं हैं। जब तक मनुष्य की सोच और जीवनशैली प्रकृति के अनुरूप नहीं होगी, तब तक स्थायी समाधान संभव नहीं। भारतीय संस्कृति में प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि माता के रूप में देखा गया है। यही कारण है कि यहां पृथ्वी, नदियों, पर्वतों और वृक्षों के प्रति श्रद्धा का भाव रहा है। इसी सांस्कृतिक दृष्टि को पुनर्जीवित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज जीवन में "पंच परिवर्तन" का आह्वान किया है जिनमें समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। इनमें पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान ही नहीं बल्कि जीवन की संस्कृति है। भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण प्रकृति को अपनी ही अभिव्यक्ति बताते हुए कहते हैं," भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च। अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥" (गीता 7.4) अर्थात पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, ये सभी मेरी प्रकृति के रूप हैं। यह श्लोक हमें बताता है कि प्रकृति के प्रत्येक तत्व में दिव्यता निहित है, इसलिए उनका संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक कर्तव्य भी है। गीता में प्रकृति के संतुलन का एक महत्वपूर्ण सूत्र यज्ञ की अवधारणा के माध्यम से दिया गया है,"अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्याद् अन्नसम्भवः। यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥" (3.14) अर्थात सभी प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न वर्षा से पैदा होता है और वर्षा यज्ञ से होती है। यहां "यज्ञ" का अर्थ केवल अग्नि में आहुति देना नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित और कृतज्ञ जीवन जीना है। भारतीय परंपरा में प्रकृति के प्रति करुणा और संवेदनशीलता के अनेक प्रेरक प्रसंग मिलते हैं। संत एकनाथ की एक प्रसिद्ध कथा इसका सुंदर उदाहरण है। कहा जाता है कि वे काशी से कांवड़ में गंगाजल लेकर रामेश्वरम जा रहे थे ताकि भगवान शिव का अभिषेक कर सकें। मार्ग में उन्हें एक प्यासा गधा दिखाई दिया जो पानी के अभाव में तड़प रहा था। संत एकनाथ ने बिना क्षण भर सोचे अपनी कांवड़ का गंगाजल उसी गधे को पिला दिया। लोगों ने आश्चर्य से पूछा-"यह जल तो भगवान के अभिषेक के लिए था, आपने इसे एक पशु को क्यों दे दिया?" संत एकनाथ ने शांत स्वर में उत्तर दिया, "जिस भगवान के लिए मैं यह जल ले जा रहा था, वही तो इस प्यासे जीव में भी विराजमान हैं।" यह कथा हमें बताती है कि प्रकृति और जीव-जगत के प्रति करुणा ही सच्ची भक्ति है। इसी प्रकार श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की कथा भी प्रकृति के सम्मान का संदेश देती है। ब्रज में लोग इन्द्र की पूजा करते थे, परंतु श्रीकृष्ण ने समझाया कि हमें उस प्रकृति का सम्मान करना चाहिए जो हमें प्रत्यक्ष जीवन देती है जैसे गो, पर्वत, वन और जल। कृष्ण के कहने पर ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा की। इससे क्रोधित होकर इन्द्र ने भयंकर वर्षा कर दी, परंतु श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर पूरे ब्रज की रक्षा की। यह कथा बताती है कि प्रकृति का सम्मान ही सच्ची पूजा है। गीता भी हमें इसी समदृष्टि की शिक्षा देती है, "विद्या-विनय-सम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि। शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥" (5.18) अर्थात् ज्ञानी व्यक्ति, ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ते और चांडाल सबमें एक ही आत्मा का दर्शन करता है। जब मनुष्य इस समदृष्टि को समझ लेता है, तब वह प्रकृति और जीव-जगत का शोषण नहीं करता, बल्कि संरक्षण करता है।

आज आवश्यकता है कि हम गीता के इस संदेश को केवल ग्रंथों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने दैनिक जीवन में उतारें। जल बचाना, वृक्ष लगाना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना और प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना, ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पंच परिवर्तन इसी दिशा में समाज को प्रेरित करता है कि प्रत्येक नागरिक प्रकृति के संरक्षण को अपना व्यक्तिगत कर्तव्य माने। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद कहते हैं कि गीता का संदेश स्पष्ट है ; मनुष्य प्रकृति का स्वामी नहीं बल्कि उसका संरक्षक है। जब हम प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीते हैं, तब केवल पर्यावरण ही नहीं बचता बल्कि मानव सभ्यता का भविष्य भी सुरक्षित रहता है। आज के पर्यावरण संकट के युग में भगवद्गीता का यह शाश्वत संदेश पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है, "प्रकृति के साथ समरसता ही मानव जीवन की सच्ची प्रगति है।"

( लेखक जीओ गीता के उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है




संकलित
## दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

*-संकलन-कांतिलाल मांडोत*

# गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
## प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### युद्ध से त्रासदीपूर्ण मानवीय जीवन

दुनिया में किसी भी देश के लिए चाहे वह सत्य के लिए लड़ रहा हो या असत्य के लिए लड़ रहा हो, युद्ध की विभीषिकाएं कभी भी किसी भी देश के मानवीय जीवन के लिए वरदान साबित नहीं हुई हैं। धर्म और अधर्म के नाम पर दुनिया को महाभारत काल में रक्तरंजित कर लाखों शूरवीरों को लीलने वाला कौरव-पांडवों का दिल दहला देने वाला दारुण युद्ध दुनिया के देशों के सामने सबसे बड़ा उदाहरण है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। आज एक बार फिर दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर खड़ी है। दुनिया में रूस-यूक्रेन युद्ध वर्षों से बिना नतीजे के अब तक जारी है और हाल ही में डेढ़ सप्ताह से ईरान-इजराइल और अमेरिकी युद्ध छिड़ जाने से एक बार फिर तीसरे महायुद्ध के बादल मंडराने लग गए हैं। युद्ध की विभीषिका से मध्यपूर्व के देशों की हालत बेहद खराब हो रही है।

*- रविन्द्र उपाध्याय, धमतरी*

## ट्रेंड

### स्व-गणना प्रपत्र



जनगणना के पहले चरण के अंतर्गत, शुरू हो रही 'हाउस लिस्टिंग' प्रक्रिया के तहत, मैंने स्व-गणना प्रपत्र भरा। यह प्रक्रिया भारत के विकास पथ को गति देने और यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी कि सरकारी योजनाएं प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुंचें।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### भारतीयों की रक्षा



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हम अपने नागरिकों की रक्षा और सुरक्षा के लिए हर कदम उठाने में न केवल सक्षम हैं, बल्कि तैयार भी हैं। साथ ही, भारत किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने में सक्षम है

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### नवाचार समावेशी



जब नवाचार समावेशी होता है, तो उसके सबसे बड़े लाभार्थी उसके नेतृत्वकर्ता बनते हैं। भारत की महिलाएं इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। भारत में महिलाओं द्वारा दायर पेटेंट की संख्या सालाना 100 से बढ़कर 5,000 से अधिक हो चुकी है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### ममता ही जीतेंगी




भाजपा बंगाल में चाहे कितने घपले कर ले पर वो वहां पक्का हारेगी। ममता दीदी की लोकप्रियता और जनसेवा के आगे भाजपाई सिर्फ़ बुरी हार से बचने का ही प्रबंध कर सकते हैं, और कुछ नहीं।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने दीपावली को मान्यता दी



अमेरिका के नेब्रास्का राज्य की विधायिका ने दीपावली उत्सव को मान्यता देने वाला एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसे सिएटल स्थित भारतीय मिशन ने राज्य के हिंदू समुदाय के लिए एक ' 'ऐतिहासिक' कदम बताया है। यह प्रस्ताव राज्य सीनेटर जॉन फ्रेडरिकसन द्वारा प्रायोजित किया गया था और 31 मार्च को स्पीकर जॉन आर्च ने इस पर हस्ताक्षर किए। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा कि इस प्रस्ताव को अपनाया जाना अमेरिका के मध्य पश्चिमी क्षेत्र में भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए एक 'ऐतिहासिक' घटना है और 'कॉर्नहस्कर स्टेट' (नेब्रास्का का आधिकारिक उपनाम) में रहने वाले लगभग 9,000 हिंदुओं के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि फ्रेडरिकसन लंबे समय से हिंदू समुदाय के समर्थक रहे हैं और मंदिरों के कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग लेते रहे हैं। उनके निर्वाचन क्षेत्र में 1993 में स्थापित 'हिंदू टेम्पल ऑफ ओमाहा' स्थित है। इस प्रस्ताव के तहत इस वर्ष 20 अक्टूबर को राज्यपाल जिम पिलेन द्वारा गवर्नर हाउस में भव्य दीपावली समारोह आयोजित करने की भी योजना है। भारतीय मिशन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नेब्रास्का में दीपावली की ऐतिहासिक विधायी मान्यता।

## ऑफ बीट

# 22 मिनट का व्यायाम करेगा स्वास्थ्य जोखिमों को कम



विकसित देशों में लोग प्रतिदिन औसतन नौ से दस घंटे बैठे रहते हैं। चाहे वह कंप्यूटर के सामने समय बिताना हो, ट्रैफिक में फंसना हो, या टीवी के सामने आराम करना हो, हमारा जीवन तेजी से गतिहीन हो गया है। यह चिंताजनक है क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी होती हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं शीघ्र मृत्यु का कारण बन सकती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, दिन में केवल 22 मिनट व्यायाम करने से अत्यधिक गतिहीन जीवन शैली से समय से पहले मौत का खतरा कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक गतिहीन रहते थे, उनमें मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक था (आठ घंटे तक गतिहीन रहने वाले लोगों की तुलना में 38% अधिक जोखिम)। हालाँकि, यह केवल उन लोगों में देखा गया जो प्रतिदिन 22 मिनट से कम मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। इसलिए जिन लोगों ने 22 मिनट से अधिक व्यायाम किया, उनके लिए अब कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं था - यानी, जोखिम आम तौर पर उन लोगों के समान हो गया जो आठ घंटे तक गतिहीन थे।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी का नामांकन दाखिल करने के कार्यक्रम में शामिल हुए

# टीएमसी को बंगाल की खाड़ी में फेंक देना, बंगाल के मतदाताओं से बोले शाह-अबकी बार ममता के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में भी बदलाव आएगा





हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के मतदाताओं से बिना डरे आगामी विधानसभा चुनाव में वोट डालने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गढ़ भाबनीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी का नामांकन दाखिल करने के कार्यक्रम में भाग लेते हुए मतदाताओं से कोलकाता में एक चुनावी रैली में कहा कि इस बार किसी को डरने की जरूरत नहीं है। कोई गुंडा बंगाल के मतदाताओं को नहीं रोक सकता। हर किसी को बिना किसी डर के मतदान करना चाहिए ताकि टीएमसी को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके और उसे बंगाल की खाड़ी में बहा दिया जा सके।

बंगाल में लगभग हर दिन बम हमले और गोलीबारी की खबरों का हवाला देते हुए अमित शाह ने कहा कि न केवल बंगाल में बल्कि ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भाबनीपुर में भी बदलाव आएगा। शाह ने भाजपा उम्मीदवार अधिकारी के साथ रोड शो किया।

शाह ने गुरुवार को कोलकाता में एक राजनीतिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हर किसी को बिना किसी डर के मतदान करना चाहिए ताकि टीएमसी को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके और उसे बंगाल की खाड़ी में बहा दिया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि इस बार किसी को डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि कोई भी गुंडा पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में बदलाव आएगा। लेकिन आप भाबनीपुर में बदलाव चाहते हैं या नहीं? मैं यहां अपने उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी के लिए आपके वोटों की अपील करने आया हूं। शाह ने कहा कि न केवल बंगाल में बल्कि ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भाबनीपुर में भी बदलाव आएगा।



## टीएमसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर किया हमला

भवानीपुर से अधिकारी के नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई हो गई। टीएमसी समर्थकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया, जिसमें एक कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। काफिला आगे बढ़ने के बाद भाजपा समर्थकों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया।
स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। भाजपा ने इस घटना को लेकर पुलिस पर सवाल उठाए और पूछा कि विरोधी कार्यकर्ताओं को कैसे इकट्ठा होने दिया गया?इस पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी टीएमसी को खरी- कोटी सुनाई

### रक्षक ममता बेनर्जी बनना था, भक्षक बन गईं: गौरव



भाजपा के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि रक्षक ममता बनना था, भक्षक बन गई हैं।

### सैकड़ों भाजपाजनों की हत्या की गई: किशन



सांसद रवि किशन ने कहा भाजपा के साथ ऐसा होता रहा है। अब तक वहां सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है।

### मैं असम के मुसलमानों के खिलाफ नहीं



असम में बांग्लादेशी प्रवासियों के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पूरी दुनिया में अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। मैं असम में रहने वाले मुसलमानों के खिलाफ नहीं हूं। असम में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को मतदान का अधिकार देना सही नहीं है। हमने यह बात सिर्फ अपने राष्ट्रीय हित में कही है। जबकि कुछ पार्टियां वोट बैंक की राजनीति के लिए इस मुद्दे को सांप्रदायिक रंग दे रही हैं।

यूडीएफ ने जारी किया घोषणापत्र

## 'मिशन समुद्र' से ग्लोबल हब बनाने का लक्ष्य



कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) ने गुरुवार को केरल विधानसभा चुनावों के घोषणापत्र जारी किया। कोच्चि में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने इस दस्तावेज को जारी किया, जहां गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। घोषणापत्र के केंद्र में मिशन समुद्र है, जो केरल को उसकी 600 किलोमीटर लंबी तटरेखा, 44 नदियों और बंदरगाहों के नेटवर्क का लाभ उठाकर एक वैश्विक समुद्री केंद्र में बदलने की एक महत्वाकांक्षी योजना है। विमानन क्षेत्र के विस्तार के लिए एक व्यापक योजना भी बनाई गई है।

### रोजगार के लिए भी किया वादा

यूडीएफ ने रोजगार सृजन और उद्यमिता के लिए 100 करोड़ रुपए से अधिक के वार्षिक राजस्व वाले 10,000 लघु एवं मध्यम उद्यमों को समर्पित वित्तीय साधनों जैसे कि रिवॉल्विंग फंड, प्रौद्योगिकी फंड और वेंचर सपोर्ट के माध्यम से सुविधा प्रदान करने का वादा किया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के रूप में 3,000 रुपए देने का वादा किया गया है।

चुनाव आयोग ने की आपातकालीन बैठक

## 9 अप्रैल से 29 अप्रैल शाम 6:30 बजे तक एग्जिट

राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने आपातकालीन बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की। इसमें चुनाव आयोग के सभी पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मुख्य सचिव, डीजीपी, एडीजी कानून एवं व्यवस्था, कोलकाता पुलिस आयुक्त, सभी जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस आयुक्त और एसपी इस बैठक में शामिल हुए। बंगाल के साथ इस बार चार अन्य जगहों पर भी विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, जिसमें असम, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी शामिल है। 9 अप्रैल सुबह 7 बजे से लेकर 29 अप्रैल शाम 6:30 बजे तक पूरे 20 दिनों तक एग्जिट पोल और उसके किसी भी नतीजे का प्रसारण या प्रकाशन बिल्कुल बंद रहेगा। आयोग ने यह भी साफ कर दिया कि मतदान खत्म होने से 48 घंटे पहले तक किसी भी प्रचार सामग्री को मीडिया में दिखाया या प्रसारित नहीं किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### हर 6 घंटे में लॉगआउट नहीं होगा व्हाट्सएप



**नई दिल्ली।** सरकार ने व्हाट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल जैसे मोबाइल संदेश एप के लिए 'सिम-बाइंडिंग' नियम लागू करने की समय सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ा दी है। पहले मंच के वेब संस्करण से छह घंटे बाद उपयोगकर्ताओं को स्वतः लॉग-आउट करने का प्रावधान था। इससे अब राहत मिल गई। उद्योग जगत की मांग के बाद यह फैसला लिया गया है। 'सिम-बाइंडिंग' नियम के तहत संदेश मंच को मोबाइल पर अपनी सेवा तभी उपलब्ध करानी होगी, जब उसमें सक्रिय सिम कार्ड मौजूद हो।

### अब पंजाब हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी



**चंडीगढ़।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा के मुख्यालय के बाहर हुए ब्लास्ट के एक दिन बाद गुरुवार को पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट को बम से उड़ने की धमकी मिली है। चंडीगढ़ पुलिस हेडक्वार्टर को भेजे एक ईमेल में यह धमकी दी गई है। ईमेल मिलने के बाद से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। सतर्कता बरती जा रही है। इसके पहले कुछ उत्पातियों ने भाजपा के कार्यालय पर बम विस्फोट कर दिया था।

### बीएचयू में जाति पूछकर ब्राह्मण छात्र को पीटा



**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में एक छात्र से जाति पूछकर मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र ने बताया है कि बुधवार की सुबह करीब 11:45 बजे वह क्लास करने पहुंचा था। छात्र नेता हिमांशु वहां आया और उससे उसका कोर्स और जाति पूछने लगा। प्रशांत मिश्र की तहरीर पर वाराणसी पुलिस ने समाजवादी छात्र अध्यक्ष हिमांशु यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे कॉलेज परिसर में हंगामा खड़ा हो गया है। पुलिस कार्रवाई की मांग है।

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को लगाई कड़ी फटकार

# कार्रवाई सही नहीं, नेशनल चंबल अभयारण्य की जमीन की अधिसूचना रद्द करने पर लगाई रोक

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार द्वारा नेशनल चंबल अभयारण्य की 732 हेक्टेयर जमीन की अधिसूचना रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी। अदालत ने स्पष्ट कहा कि संरक्षित प्रजातियों के लिए आरक्षित किसी भी भूमि का डी-नोटिफिकेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा और राज्य सरकार की कार्रवाई आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं पर खरी नहीं उतरती। सुनवाई के दौरान अदालत ने राजस्थान सरकार को अवैध रेत खनन को 'सुविधा देने' के लिए कड़ी फटकार लगाई। न्यायालय ने 'माइनिंग माफिया' को 'डकैत' बताते हुए कहा कि राजस्थान में इनके कारण कई एसडीएम, पुलिसकर्मी और वन विभाग के अधिकारियों की जान जा चुकी है। अदालत ने इसे कानून-व्यवस्था और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए गंभीर स्थिति बताया। पीठ ने कहा कि घड़ियाल सहित कई जलीय जीव विलुप्ति के कगार पर हैं और चंबल क्षेत्र की पारिस्थितिकी बेहद संवेदनशील है। अदालत ने टिप्पणी की कि इस तरह के क्षेत्र में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार द्वारा नेशनल चंबल अभयारण्य की 732 हेक्टेयर जमीन की अधिसूचना रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी। इसके साथ ही राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब भी मांग है

## कहा- आरक्षित किसी भी भूमि का डी-नोटिफिकेशन स्वीकार नहीं

अवैध रेत खनन को 'सुविधा देने' पर सख्ती

न्यायालय ने 'माइनिंग माफिया' को 'डकैत' बताया



### 3 राज्यों में फैला संरक्षित क्षेत्र

नेशनल चंबल अभयारण्य, जिसे नेशनल चंबल घड़ियाल वन्यजीव अभयारण्य भी कहा जाता है, लगभग 5,400 वर्ग किलोमीटर में फैला एक त्रि-राज्यीय संरक्षित क्षेत्र है। यह राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर चंबल नदी के किनारे स्थित है और घड़ियाल, रेड-क्राउन रूफ टर्टल तथा गंगा डॉल्फिन जैसी संकटग्रस्त प्रजातियों का प्रमुख आवास है।

## ईको-सेंसिटिव जोन और प्रक्रियाओं पर सवाल

अदालत की सहायता कर रहे एमिकस क्यूरी ने बताया कि राजस्थान ने अब तक ईको-सेंसिटिव जोन घोषित नहीं किया है और दिसंबर 2025 में 732 हेक्टेयर क्षेत्र को डी-नोटिफाई करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया था। अदालत ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि डी-नोटिफिकेशन के बाद यह जमीन राजस्व भूमि बन जाती है, जिससे संरक्षण प्रयास प्रभावित हो सकते हैं।

### वीडियो और रिपोर्ट्स को डरावना बताया

सुनवाई के दौरान प्रस्तुत वीडियो का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने उन्हें 'डरावना' बताया, जिसमें जलीय जीवों के बीच भारी मशीनों से रेत निकासी होती दिखी। अदालत ने कहा कि यह स्थिति दर्शाती है कि अवैध खनन किस स्तर तक फैल चुका है। यह गंभीर चिंता का विषय है।

### राज्यों और केंद्र से 4 सप्ताह में जवाब तलब

कोर्ट ने एमिकस क्यूरी और सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट पर राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। साथ ही पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भी इस मामले में हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अगली सुनवाई 11 मई को मुकर्रर

कोर्ट ने राजस्थान सरकार के 23 दिसंबर 2025 के नोटिफिकेशन, जिसे 9 मार्च 2026 को लागू किया गया था, पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 11 मई को निर्धारित की गई है। साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में लंबित मामले को भी सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है।

सैलजा ने संसद में उठाई हरियाणा की मंडियों की समस्याएं, गेट पास सिस्टम पर जताई चिंता

## कहा- कई मंडियों में पोर्टल के बार-बार क्रैश होने से किसानों को हो रही भारी परेशानी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली



सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान हरियाणा की अनाज मंडियों में किसानों एवं आढ़ती वर्ग द्वारा झेली जा रही समस्याओं को गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि किसान देश के अन्नदाता हैं और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

सांसद सैलजा ने सदन को अवगत कराया कि राज्य में हाल ही में लागू किया गया नया गेट पास सिस्टम किसानों और आढ़ती भाइयों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। कई मंडियों में पोर्टल के बार-बार क्रैश होने से किसानों को अपनी उपज लेकर घंटों, यहां तक कि कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सरसों की खरीद के लिए स्थापित गुणवत्ता परीक्षण लैब अनेक स्थानों पर सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रही हैं, जिससे खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इसके अतिरिक्त, गेट पास प्राप्त करने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली के पंजीकरण नंबर सहित फोटो अपलोड करना तथा बायोमेट्रिक/अंगूठा सत्यापन की अनिवार्यता छोटे और सीमांत किसानों के लिए अतिरिक्त बोझ बन रही है।

उन्होंने कहा कि गेट पास की समय-सीमा भी किसानों की व्यावहारिक परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है। साथ ही, मंडियों के अधिसूचित क्षेत्रों को सीमित किए जाने से किसानों को भंडारण और समय पर बिक्री में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आढ़ती वर्ग की समस्याओं की ओर भी ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वर्तमान महंगाई और बढ़ती लागत के बावजूद आढ़त दरों में अपेक्षित वृद्धि नहीं की गई है, जिससे उनका आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है और इसका सीधा प्रभाव किसानों पर पड़ रहा है। इसके अलावा, मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल के अंतर्गत कई किसान पंजीकरण से वंचित रह गए हैं, जिसके कारण वे अपनी उपज बेचने में असमर्थ हैं।

सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि नई व्यवस्था की समीक्षा कर इसे तत्काल दुरुस्त किया जाए। उन्होंने गेट पास एवं बायोमेट्रिक प्रणाली को सरल और व्यावहारिक बनाने, पोर्टल की तकनीकी खामियों को दूर करने, सभी खरीद केंद्रों पर गुणवत्ता परीक्षण लैब को पूरी तरह कार्यशील करने की मांग सरकार से की है।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले मुख्यमंत्री नायब सैनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान सैनी से प्रधानमंत्री को हरियाणा सरकार की विकास योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ राज्य सरकार के कामकाज और संगठन से जुड़े मुद्दों पर भी जानकारी सांझा की। मुख्यमंत्री नायब ने एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री के साथ अपनी मुलाकात की जानकारी देते हुए लिखा, आज दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से सादर भेंट कर उनका मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। इस दौरान कई महत्वपूर्ण समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

कर्मयोगी साधना सप्ताह में प्रधानमंत्री मोदी बोले

# 'नागरिक देवो भव' से बदलेगा गवर्नेंस का स्वरूप

## क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस पर किया गया आयोजन

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस पर 'कर्मयोगी साधना सप्ताह' को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने पब्लिक सर्विस को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक-केंद्रित बनाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान शासन व्यवस्था का मूल सिद्धांत 'नागरिक देवो भव' है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सर्वोपरि रखते हुए सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ गवर्नेंस को नई पहचान दी जा रही है। उन्होंने कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह हर सरकारी कर्मचारी की क्षमता बढ़ाने का काम कर रहा है। 'आईगॉट' मिशन कर्मयोगी को भी उन्होंने इस दिशा में अहम कदम बताया।

'आईगॉट' मिशन कर्मयोगी होगा अहम

### आकांक्षी भारत और जिम्मेदारी पर दिया बल



प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत आकांक्षी है, जहां हर नागरिक के अपने सपने और लक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि इन सपनों को पूरा करने में सहयोग देना हम सभी की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने कहा कि हर निर्णय से पहले कर्तव्य पर विचार करने से उसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

### समन्वय और 'होल ऑफ गवर्नमेंट' अप्रोच पर जोर

इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की सफलता राज्यों की सामूहिक सफलता पर निर्भर करती है। विभागों के बीच संवादहीनता खत्म कर बेहतर समन्वय और साझा समझ के साथ काम करना होगा।

### टेक्नोलॉजी और एआई को बताया भविष्य की कुंजी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बेहतर प्रशासक वही होगा, जिसे तकनीक और डेटा की समझ हो। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव का जिक्र करते हुए निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि आम नागरिक के लिए स्थानीय सरकारी कार्यालय ही सरकार का चेहरा होता है। इसलिए अधिकारियों का व्यवहार और कार्यशैली ही लोकतंत्र में जनता के भरोसे को मजबूत बनाती है।

## रुपया 156 पैसे मजबूत होकर 93.14 प्रति डॉलर पर

# आरबीआई के फैसले से रुपये की बदली तस्वीर, 12 साल में सबसे बड़ी तेजी दर्ज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कड़े कदमों के बाद बृहस्पतिवार को रुपये में कई वर्षों की सबसे बड़ी एकदिवसीय तेजी दर्ज की गई और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 156 पैसे मजबूत होकर 93.14 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.62 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 188 पैसे चढ़कर 92.82 के उच्चस्तर तक पहुंच गया।

**मुद्रा विनिमय बाजार में 94.62 पर भाव खुला था**

सत्र के अंत में यह 156 पैसे यानी 1.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 93.14 प्रति डॉलर पर रहा।

### बैंकों के लिए रुपए में सीमा 10 करोड़ डालर तय

आरबीआई ने 27 मार्च, 2026 को जारी परिपत्र के जरिये बैंकों के लिए रुपये में नेट ओपन पोजिशन की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय कर दी और 10 अप्रैल तक इसका अनुपालन अनिवार्य कर दिया। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने बैंकों को ऑनशोर फॉरवर्ड बाजार में गैर-वितरणीय डेरिवेटिव अनुबंध देने से भी रोक दिया है।



### विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध दोबारा नहीं होंगे शुरू

आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी रद्द किए गए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध को दोबारा बुक करने की अनुमति नहीं होगी। इन कदमों का उद्देश्य रुपये पर सट्टा दबाव को कम करना है। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि इन नियामकीय कदमों के चलते बैंकों को अपनी ओपन पोजिशन कम करने के लिए डॉलर की बिक्री करनी पड़ी, जिससे रुपये को मजबूती मिली।

### कच्चे तेल के महंगा होने का पड़ा असर

विदेशी मुद्रा बाजार मंगलवार को महावीर जयंती के कारण बंद रहे, जबकि बुधवार को बैंकों के वार्षिक लेखा समापन के चलते कारोबार नहीं हुआ। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.60 प्रतिशत बढ़कर 100.05 पर रहा। इस बीच, लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की वजह से अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.84 प्रतिशत चढ़कर 108 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया।

**रुपए में चार फीसदी से अधिक गिरावट आई :** ईरान युद्ध की वजह से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से रुपये की कीमत में 28 फरवरी से चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह करीब 10 प्रतिशत कमजोर हुआ है।

## स्टाइल आइकन रितिक रोशन बने ओएनएन ब्रांड के एम्बेसडर



**कोलकाता।** देश की प्रमुख इनरवियर कंपनी लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने प्रीमियम वियर ब्रांड ओएनएन के लिए बॉलीवुड अभिनेता रितिक रोशन को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस कदम के जरिए कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते प्रीमियम इनरवियर और थर्मल वियर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। कंपनी की यह साझेदारी ओएनएन ब्रांड की पहचान को मजबूत करने और खासकर युवा एवं महत्वाकांक्षी उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। ओएनएन को एक आधुनिक लाइफस्टाइल ब्रांड के रूप में पेश किया गया है, जो कंफर्ट, परफॉर्मेंस और स्टाइल का संतुलित अनुभव देता है। अशोक तोड़ी चेयरमैन, लक्स इंडस्ट्रीज ने कहा कि यह सहयोग कंपनी के पोर्टफोलियो में मजबूत और प्रेरणादायक ब्रांड बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### टाटा सॉल्ट ने कैटेगरी लीडरशिप को किया और मजबूत

**नई दिल्ली।** 1983 से भारत में आयोडीन युक्त नमक के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड रहा टाटा सॉल्ट एक बार फिर अपनी शुद्धता और भरोसे पर खरा उतरा है। एक लैब टेस्ट में 100 अलग-अलग नमक ब्रांड्स की जांच की गई, जिसमें टाटा सॉल्ट सबसे ज्यादा शुद्ध पाया गया। इस नतीजे ने टाटा सॉल्ट को देशभर में नमक की शुद्धता का एक मजबूत मानक बना दिया है। टाटा सॉल्ट हमेशा से अपने उत्पादों की गुणवत्ता और शुद्धता का खास ध्यान रखता है।

### डब्लूयूडी में वर्ष 2026 27 के लिए प्रवेश शुरू

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) ने विज्ञान, वाणिज्य और कला जैसे सभी अकादमिक पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को डिजाइन, टेक्नोलॉजी और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में उभरते करियर के मार्गों में संभावना तलाशने के लिए आमंत्रित किया है। इस रुख के मुताबिक, डब्लूयूडी ने उद्योग की जरूरतों के अनुरूप एक भविष्य उन्मुखी, अंतर क्षेत्रीय शिक्षा की पेशकश करते हुए अकादमिक वर्ष 2026-27 के लिए अपने स्नातक और स्नातकोत्तर प्रोग्राम में प्रवेश लेना प्रारंभ किया है। युनिवर्सिटी डिजाइन, बिजनेस, आर्किटेक्चर, फैशन, कम्युनिकेशन और विजुअल एवं परफॉर्मिंग आर्ट्स के क्षेत्र में व्यापक कार्यक्रमों की पेशकश करती है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा संख्याः 01-क.वि.-नई दिल्ली-2026-27** **दिनांक : 01.04.2026**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग–A: DLI डिवीजन के SCADA सिस्टम में साइबर सुरक्षा उपायों को लागू करने के संबंध में GZB-SRE सेक्शन, DLI एरिया जिसमें FDB-PWL सेक्शन, DUK सेक्शन और DEE-RE सेक्शन शामिल हैं, के SCADA सिस्टम का विस्तार, अपग्रेडेशन और मर्जर। भाग–B: DLI डिवीजन के SCADA सिस्टम में साइबर सुरक्षा उपायों को लागू करने के संबंध में NOLI-TPZ सेक्शन, SSB-BTI सेक्शन जिसमें ब्रांच लाइनें (KKDE-NRW, JIND-PNP, JIND-SNP, ROK-PNP और ABO-RE) शामिल हैं, के SCADA सिस्टम का अपग्रेडेशन/रिप्लेसमेंट और मर्जर। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 7,30,82,096.64/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 14,61,600/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 15.04.2026 (10:30 बजे) से 29.04.2026 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 29.04.2026 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

1109/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-11-2026 | 20.04.2026 को 11:00 बजे | कीर्ति नगर PRS = कुल 01 साइट |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर ई पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता
4. आई आर ई पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर ई पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 Email:pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या–23AC/393/E-Auction/Pkg/2026 दिनांक: 02.04.2026 1113/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## रुपये में जोरदार उछाल से सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के ऊपर पार निकल गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में 1,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया।

### चांदी 9,000 रुपये व सोना 3,500 रुपये टूटा

**नयी दिल्ली(भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई। चांदी की कीमत 9,000 रुपये लुढ़ककर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि घरेलू बाजार में सुस्ती के माहौल के बीच सोना 3,500 रुपये टूटकर 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत में 9,000 रुपये, या 3.66 प्रतिशत की गिरावट आई और यह पिछले बंद भाव 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम से लुढ़ककर 2,37,000 रुपये (सभी करों सहित) रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी 3,500 रुपये, या 2.26 प्रतिशत की गिरावट आई। यह 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बहुप्रतीक्षित संबोधन से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को सुलझाने के संबंध में बहुत कम स्पष्टता मिल पाई।''

### कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल को लगातार सातवें साल प्रतिष्ठित स्थान



**मुंबई।** स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन की एक शानदार मिसाल पेश करते हुए, मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एवं मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने न्यूज़वीक और स्टेटिस्टा की प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड्स बेस्ट हॉस्पिटल्स 2026' की सूची में एक बार फिर अपना स्थान बनाया है। इस बड़ी उपलब्धि के साथ, यह अस्पताल लगातार सातवें वर्ष दुनिया के सबसे अच्छे मेडिकल सेंटर्स की लिस्ट में शामिल हुआ है। यह शानदार कामयाबी दिखाती है कि यह अस्पताल बेहतर इलाज के लिए पूरी तरह समर्पित है। साथ ही, यह मरीजों की देखभाल और नई मेडिकल तकनीकों के मामले में दुनिया भर में सबसे आगे है। न्यूज़वीक और स्टेटिस्टा ने दुनिया के 32 देशों के 2,500 से ज़्यादा अस्पतालों की जाँच की। इसमें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल को भारत के सबसे बेहतरीन अस्पतालों में गिना गया है, जो दुनिया भर में इसकी बढ़ती पहचान को और मज़बूत करता है।

### पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे का माल परिवहन में शानदार प्रदर्शन



**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान माल परिवहन में शानदार प्रदर्शन किया है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। बेहतर बुनियादी ढांचे, टर्मिनल प्रबंधन और स्टेकधारकों के साथ घनिष्ठ समन्वय का लाभ उठाते हुए एनएफआर ने खाद्यान्न, उर्वरक, कोयला, सीमेंट और पेट्रोलियम उत्पादों जैसी प्रमुख वस्तुओं का कुशल और समय पर परिवहन सुनिश्चित किया।

### दोहरी सर्जरी से सात माह के शिशु को मिली नई जिंदगी

**रेवाड़ी।** नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम के डॉक्टरों ने एक सात महीने के गंभीर रूप से बीमार बच्चे को सफलतापूर्वक उपचारित किया, जो नेपाल का रहने वाला था और जिसे जन्मजात लीवर रोग के साथ-साथ जीवन-खतरनाक ब्रेन हेमरेज की समस्या थी। जन्म के पहले सप्ताह में ही उसे लगातार पीलापन और मिट्टी जैसे रंग का मल दिखाई दिया, जो सर्जिकल जॉन्डिस के शुरुआती संकेत थे। जांच में पता चला कि बच्चे को बाइलरी एट्रेसिया है, एक दुर्लभ रोग जिसमें पित्त नलिकाएं अनुपस्थित या अवरुद्ध होती हैं, जिससे लीवर धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होता है। जुलाई 2025 में बच्चे ने नेपाल में कसाई सर्जरी करवाई, इसके बावजूद स्थिति बिगड़ती गई।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. मुजफ्फर उर्फ राजू पुत्रः अब्दुल काजिम पताः झुग्गी नं. 226–227, सीडी पार्क, जहांगीरपुरी, दिल्ली 2. सनवर पुत्रः शेख मुनीउर, पताः झुग्गी नं. एन–38/सी–199, सीडी पार्क, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 531/2018 U/s 27/61/85 NDPS Act, थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. मुजफ्फर उर्फ राजू 2. सनवर** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. मुजफ्फर उर्फ राजू 2. सनवर** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 531/2018 U/s 27/61/85 NDPS Act, थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. मुजफ्फर उर्फ राजू 2. सनवर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ज्योति नैन**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07**
**उत्तर जिला, रूम नं. 6**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/4288/NW/2026 (Court Matter)



**सूचना**


सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### एनएमडीसी ने अब तक सर्वाधिक 53 मीट्रिक टन उत्पादन के साथ रचा इतिहास



**हैदराबाद।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक तथा जिम्मेदार खनिक एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2026 में 53 मीट्रिक टन लौह अयस्क के उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो भारत के खनन इतिहास में 50 मीट्रिक टन वार्षिक उत्पादन के लक्ष्य को पार करने वाली प्रथम कंपनी बन गई है। यह उपलब्धि संख्यात्मक उपलब्धि से आगे है, जो भारत के खनिज क्षेत्र की बढ़ती ताकत और गति का प्रतीक है। एनएमडीसी निरंतर देश की लौह अयस्क आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है तथा अपने इस्पात उद्योग की आधारशिला को मजबूती प्रदान कर रहा है। कंपनी ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 51 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की असाधारण वृद्धि के साथ मार्च 2026 माह में 5.35 मीट्रिक टन लौह अयस्क का उत्पादन किया।

## राशिफल



**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।




**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।



**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।



**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।



**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।



**कन्या** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।



**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।



**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।



**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।



**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।



**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।



**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

### न्यूट्रिका की नेचुरल कुकिंग प्रोडक्ट्स रेंज में अब 'न्यूट्रिका येलो मस्टर्ड ऑइल' भी शामिल

**नई दिल्ली।** बीएन एग्रीटेक के लाइफस्टाइल और वेलनेस ब्रांड न्यूट्रिका ने अपने कुकिंग ऑइल पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाते हुए 'न्यूट्रिका येलो मस्टर्ड ऑइल' लॉन्च किया है। इस लॉन्च के साथ ब्रांड ने अपने नेचुरल कुकिंग प्रोडक्ट्स की रेंज को और मजबूत किया है। यह एक शुद्ध और प्रामाणिक किचन प्रोडक्ट है, जिसका उपयोग रोजमर्रा की कुकिंग में स्वाद और गुणवत्ता से बिना समझौता किए किया जा सकता है। आज के समय में लोग अधिक स्वच्छ और नेचुरल कुकिंग इंग्रीडिएंट्स की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में, न्यूट्रिका येलो मस्टर्ड ऑइल को बिना रिफाइन के तैयार किया गया है, ताकि इसके प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स और पोषण पूरी तरह बने रहें। यह खास तौर पर हेल्थ कॉन्शियस परिवारों, फिटनेस पसंद करने वालों और ऐसे होम कुक्स के लिए है, जो बिना समझौते के असली स्वाद चाहते हैं। यह ऑइल सरसों के दानों की प्राकृतिक खुशबू, स्वाद और पोषण को बनाए रखता है।


**MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)**

NIT No./470 dated. 23.03.2026
Tender System No. 187657

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**NOTICE INVITING TENDER**

Commissioner, Municipal Corporation Dhamtari invites online Tenders on Form "F" (Lump-Sum) From contractors registered in appropriate class in "unified Registration system e-Registration" PWD Chhattisgarh Govt. of C.G./Firms of repute for following work:-

| S. No | Name of work | Probable amount of contract (Rs. In Lakh) | Earnest Money (Rs. in Lakh) | Period of completion | Class of contractor | Bid submission fees | Validity of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction/Balance Work of 182 Unit EWS Housing Blocks By Conventsional technologies Including Infrastructure Development Complete At Mahimasagar Ward - Aarohi Builders Colony. & Vindhyawasini Ward - IDSMT Plot | 674.43 | 3.38 | 24 months (excluding rainy season) | Class 'B' & Above (Unified Registration System E Registration & Firms of repute) | Demand Draft of Rs. 10000.00 | 180 days from date of opening of financial offer |

**Commissioner**
**Municipal Corporation Dhamtari (C.G.)**



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**


| | |
|---|---|
| एन.आई.टी. | 01-07-2026-27-डब्ल्यू–5 |
| 1. कार्य का नाम (स्थान के साथ) | |
| 01 | बी. नं. 14 से एमसीडी नाला और अन्य ब्लॉकों तक सीवर प्रणाली में सुधार और तुगलकाबाद रेलवे कॉलोनी में फिल्टरेशन प्लांट की मरम्मत और जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार, एसएसई/डब्ल्यू/ई/टीकेडी के अनुभाग के तहत एडीईएन/टीकेडी। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी नागरिक निर्माण कार्य। |
| 02 | टाइप–II क्वार्टरों में प्लास्टर, सफेदी, पेंटिंग, टूटे हुए दरवाजों के प्रतिकार, शौचालय/स्नानघर और रसोई में टाइल का कार्य, लीक हो रहे छत की मरम्मत और अन्य विविध कार्य TKD रेलवे कॉलोनी में SSE/W/E/TKD के सेक्शन में ADEN/TKD के अंतर्गत। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी नागरिक निर्माण कार्य। |
| 03 | एडीईएन/डीईई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/जीजीएन के सेक्शन में जीजीएन से खलीलपुर तक स्टेशन की इमारतों और कार्यालयों की मरम्मत। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी नागरिक निर्माण कार्य। |
| 04 | ADEN/DEE के तहत SSE/W/GGN सेक्शन में GGN, GHH, PT, IHP, PTRD और खलीलपुर में स्टाफ क्वार्टर की मरम्मत। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी नागरिक निर्माण कार्य। |
| 05 | एफडीबी में एसएसई/डब्ल्यू/एफडीबी के अंतर्गत एडीईएन/टीकेडी के सेक्शन में फरीदाबाद में रेलवे कॉलोनी के स्टाफ क्वार्टर में जाम हुई सीवेज नेटवर्क और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, प्लास्टरिंग, दरवाजे, खिड़कियां। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी नागरिक निर्माण कार्य। |
| 06 | रेलवे स्टेशन पर पानी की आपूर्ति और निकासी प्रणाली की मरम्मत और रखरखाव SSE/W/GGN के तहत ADEN/DEE के अंतर्गत। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी नागरिक निर्माण कार्य। |
| 07 | एडीईएन/टीकेडी के अंतर्गत सेक्शन में यार्डों में रेल, स्लीपर, फिटिंग्स का आकस्मिक नवीनीकरण, ओवरहालिंग और विविध कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 01 | ₹ 79,99,985.19 | 02 | ₹ 89,99,941.39 | 03 | ₹ 1,99,99,329.85 |
| | 04 | ₹ 99,99,450.85 | 05 | ₹ 99,99,998.97 | 06 | ₹ 1,99,99,266.32 |
| | 07 | ₹ 69,99,734.50 | | | | |
| 3. अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा)। | | | | | |
| | 01 | ₹ 1,60,000.00 | 02 | ₹ 1,80,000.00 | 03 | ₹ 4,00,000.00 |
| | 04 | ₹ 2,00,000.00 | 05 | ₹ 2,00,000.00 | 06 | ₹ 4,00,000.00 |
| | 07 | ₹ 1,40,000.00 | | | | |
| 4. काम की समाप्ति अवधि | 01 | 06 महीने | 02 | 06 महीने | 03 | 06 महीने |
| | 04 | 06 महीने | 05 | 06 महीने | 06 | 06 महीने |
| | 07 | 06 महीने | | | | |
| 5. निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 27.04.2026 को 15:00 बजे तक तथा 27.04.2026 15:00 बजे निविदा खुलना है। | | | | | |
| 6. वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान, निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है आदि | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | | | | |

सं.: 128-W/280/OET/2026-27/W-V/NIT-01, 02, 03, 04, 05, 06 & 07-2026-27
दिनांक: 02.04.2026 1112/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शब्द पहेली - 6184



**बाएँ से दाए**


1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 6183 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | | | क | स | क | |
| ह | जी | | श | | श | त्रु | ता | | न्या | य |
| गु | | | ही | र | क | | र | | | म |
| ज | ला | व | न | | | गं | | अ | नु | ज |
| र | | च | | बे | ल | गा | म | | की | |
| | शा | न | | क | | ज | | ब | ला | |
| | य | | श | रा | र | ल | | न्द | | त |
| म | द | द | | र | | | अ | र | मा | न |
| श | | | स | | शा | य | र | | | ब |
| क | म | | न | र | म | | मा | | मा | द |
| | जा | न | म | | | म | न | मो | ह | न |



## हेनरिक क्लासन की फिफ्टी, जयदेव उनादकट ने 3 विकेट लिए

# रेड्डी के हरफनमौला खेल से सनराइजर्स ने नाइट राइडर्स को 65 रन से हराया

कोलकाता की लगातार दूसरी हार, रेड्डी ने 39 रन बनाने के बाद 2 विकेट भी झटके





भाषा ⏭ कोलकाता

हेनरिच क्लासेन (52) के जुझारू अर्धशतक और नीतिश कुमार रेड्डी (दो विकेट और 39 रन) के हरफनमौला खेल के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बृहस्पतिवार को यहाँ कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला। सनराइजर्स ने आठ विकेट पर 226 रन बनाने के बाद जयदेव उनादकट (21 रन पर तीन विकेट), इशान मलिंगा (14 रन पर दो विकेट) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रेड्डी (17 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से केकेआर की पारी को 16 ओवर में 161 रन पर समेट दिया। केकेआर की यह दो मैचों में दूसरी हार है। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंदों में 52 रन बनाए, जबकि रिंकू सिंह ने 25 गेंदों में 35 रन का योगदान दिया। फिन ऐलन ने सात गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन उनकी तेज पारी का फायदा उठाने में टीम नाकाम रही। क्लासेन ने 35 गेंदों में 52 रन बनाने के अलावा रेड्डी (24 गेंदों में 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 53 गेंदों में 82 रन की साझेदारी कर पारी को संवारा। इससे पहले ट्रैविस हेड ने 21 गेंदों पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेलकर लय में वापसी की, जबकि अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 48 रन ठोके। दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 गेंदों में 82 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। केकेआर के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने चार, जबकि वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऐलन ने शुरुआती ओवर में डेविड पेन के खिलाफ तीन चौकों और दो छक्कों के साथ शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए हर्ष दुबे ने अपनी ही गेंद पर कैच लपककर ऐलन की सात गेंदों में 28 रन की पारी का अंत किया।

### हैदराबाद-226/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का ग्रीन बो त्यागी | 46 |
| अभिषेक का चक्रवर्ती बो मुजरबानी | 48 |
| इशान का रिंकू बो मुजरबानी | 14 |
| क्लासेन का रमनदीप बो मुजरबानी | 52 |
| अनिकेत का रिंकू बो अनुकूल | 01 |
| रेड्डी का चक्रवर्ती बो वैभव | 39 |
| सलील अरोड़ा बो वैभव | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 09 |
| शिवांग का रहाणे बो मुजरबानी | 04 |

अतिरिक्त:13

कुल योग: (20 ओवर में आठ विकेट पर) 226 रन

गेंदबाजी वैभव 4-0-47-2, मुजरबानी 4-0-41-4, नारायण 4-0-39-0, चक्रवर्ती 2-0-31-0, त्यागी 4-0-48-1, अनुकूल 2-0-16-1

### कोलकाता-161/10 (16)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिन ऐलन का एवं बो हर्ष | 28 |
| रहाणे का मलिंगा बो उनादकट | 08 |
| अंगकृष रघुवंशी रन आउट | 52 |
| कैमरुन ग्रीन रन आउट | 02 |
| रिंकू सिंह का उनादकट बो रेड्डी | 35 |
| अनुकूल रॉय का एवं बो रेड्डी | 00 |
| रमनदीप का उनादकट बो मलिंगा | 10 |
| सुनील का अनिकेत बो मलिंगा | 12 |
| त्यागी का किशन बो उनादकट | 01 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 00 |
| वरुण चक्रवर्ती बो उनादकट | 08 |

अतिरिक्त: 07

कुल योग: (16 ओवर में सभी आउट) 161 रन

गेंदबाजी: पेन 2-0-35-0, दुबे 2-0-17-1, अभिषेक 1-0-15-0, उनादकट 3-0-21-3, मलिंगा 2-0-14-0, शिवांग 4-0-41-0, रेड्डी 2-0-17-2

## पंजाब आत्मविश्वास से भरपूर सीएसके को पहली जीत की दरकार



**चेन्नई।** ऐसे में रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली सीएसके अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगी वहीं पंजाब किंग्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखने जी-तोड़ कोशिश करेगी। मुकाबला आज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा।

### बराबरी का रहा है मुकाबला

अब तक दोनों टीमों के बीच मैचों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। आईपीएल में ये दोनों टीमें कुल 32 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 16 मैच सीएसके ने जीते और 16 ही मैच पंजाब किंग्स ने अपने नाम किए। आईपीएल 2025 की दोनों भिड़ंत में पंजाब किंग्स ने जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2024 में दोनों टीमें 2 मुकाबलों में आपस में भिड़ी थी, जिसमें दोनों ने 1-1 मैच अपने नाम किए थे। सीएसके को अपने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 8 विकेट से हार मिली थी। गुवाहटी में खेले गए उस मैच में सीएसके की टीम सिर्फ 127 रन पर सिमट गई थी। ऐसे में सीएसके अपने अगले मैच में बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## अभी तक चैंपियन नहीं बन पाई पंजाब, दिल्ली और लखनऊ



एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में कई टीमें मैदान पर उतरीं, कुछ ने खिताब अपने नाम किया तो कुछ करीब आकर चूक गईं। इन टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, कई यादगार मुकाबले खेले, लेकिन ट्रॉफी अब तक उनसे दूर ही रही। हर संस्करण में ये टीमें नई उम्मीदों के साथ उतरती हैं, लेकिन किस्मत उनका साथ नहीं देती। ऐसे में आइए उन टीमों पर नजर डालते हैं जो अब तक इस टूर्नामेंट में चैंपियन नहीं बन पाई हैं।

### ये टीमें खिताब जीतने में रही हैं सफल

मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल में सबसे ज्यादा 5-5 बार ट्रॉफी जीती है। वहीं, केकेआर 3 बार चैंपियन बनी है। आरआर, डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, जीटी और आरसीबी 1-1 बार चैंपियन बनने में सफल हो पाई है।

### दिल्ली कैपिटल्स

दिल्ली की टीम भी ये टूर्नामेंट पहले संस्करण (2008) से खेल रही है। पहले इस फ्रेंचाइजी का नाम दिल्ली डेयरडेविल्स था। अब इस टीम को दिल्ली कैपिटल्स के नाम से जानते हैं। ये भी टीम अभी तक एक बार भी ट्रॉफी उठा नहीं पाई है। डीसी सिर्फ एक बार आईपीएल 2020 में फाइनल खेली थी। जहां उसे मुंबई इंडियंस के खिलाफ 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

### पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले संस्करण से ये टूर्नामेंट खेल रही पंजाब किंग्स एक बार भी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। पहले इस टीम का नाम किंग्स इलेवन पंजाब था। पंजाब किंग्स 2 बार फाइनल में भी पहुंची है। साल 2014 में जॉर्ज बेली की कप्तानी में टीम ने फाइनल खेला था, जहां उसे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 3 विकेट से हार मिली थी। आईपीएल 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उसे 6 रन से हराया था।

### लखनऊ सुपर जायंट्स

लखनऊ सुपर जायंट्स उन 3 टीमों में है जो अभी तक आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। एलएसजी तो अब तक फाइनल में भी नहीं पहुंच पाई है। हालांकि, टीम 3 बार प्लेऑफ खेलने में सफल हुई है। एलएसजी का डेब्यू संस्करण साल 2022 में था। उसी साल गुजरात टाइटंस भी पहली बार ये टूर्नामेंट खेल रही थी। उसने राजस्थान रॉयल्स को फाइनल में 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी जीत ली थी।

# न्यूजीलैंड, बांग्लादेश व इंग्लैंड के साथ टेस्ट, वनडे व टी-20 सीरीज खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम, शेड्यूल जारी

एजेंसी ⏭ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने आगामी सत्र (2026-27) के लिए अपने कार्यक्रम की घोषणा की है। इसमें कंगारू टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ बेहद व्यस्त कार्यक्रम के तहत 4 टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसमें 26 दिसंबर से शुरू होने वाला बॉक्सिंग-डे टेस्ट भी शामिल है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज और इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे और टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है। न्यूजीलैंड की टीम 1999 के बाद पहली बार 3 से ज्यादा टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और कीवी टीम के बीच 9 दिसंबर से पर्थ स्टेडियम में सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। इसके बाद एडिलेड में 17 दिसंबर से दूसरा टेस्ट, मेलबर्न में 26 दिसंबर से तीसरा बॉक्सिंग-डे टेस्ट खेला जाना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथा और आखिरी टेस्ट सिडनी (4-8 जनवरी) में खेला जाना है।



### बांग्लादेश व इंग्लैंड के ऑस्ट्रेलिया के मैच का शेड्यूल

**बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ :**
पहला टेस्ट: 13 - 17 अगस्त, मरारा स्टेडियम। दूसरा टेस्ट: 22 - 26 अगस्त, ग्रेट बैरियर रीफ एरिना

**इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज :**
13 नवंबर: पर्थ स्टेडियम, पर्थ। 15 नवंबर: एडिलेड ओवल, एडिलेड। 18 नवंबर: बेलेरिव ओवल, होबार्ट।

**इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज़:**
21 नवंबर: मेलबर्न। 24 नवंबर: गोल्ड कोस्ट स्टेडियम, गोल्ड कोस्ट। 27 नवंबर: द गाबा, ब्रिस्बेन। 29 नवंबर: सिडनी। 2 दिसंबर: मनुका ओवल।

**150वीं वर्षगांठ पर इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैच**
टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पिंक गेंद से एकमात्र डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार, यह मैच 11-15 मार्च तक खेला जाएगा। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1877 में इसी मैदान पर पहला टेस्ट मैच खेला गया था और 2027 में इसकी 150वीं वर्षगांठ होगी।

## आदित्य एशियाई चैंपियनशिप में आगे बढ़े



**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारतीय मुक्केबाज आदित्य ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहौसाव के खिलाफ पूरे मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। आदित्य ने इस साल जनवरी में नौवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। आदित्य को अगले दौर में उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। इस प्रतियोगिता में पूरे महाद्वीप के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय मुक्केबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

## आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलने बेलफास्ट जाएगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम 2 मैचों की टी-20 सीरीज खेलने आयरलैंड जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसके कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। ये सीरीज जून 2026 में खेली जाएगी। पिछले 8 सालों में भारतीय टीम ने 3 बार (2018, 2022 और 2023) आयरलैंड का दौरा किया है। साल 2007 के बाद यह पहला मौका होगा जब भारतीय टीम बेलफास्ट में खेलेगी। इस सीरीज में युवा भारतीय खिलाड़ियों को मौका मिलने की उम्मीद है।

## ब्लूबाउम ने प्रज्ञाननंदा को ड्रॉ पर रोका, सिंदारोव ने बढ़त बनाई

**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली। जिससे उनके अंकों की संख्या 3.5 हो गई है। इससे वह इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ खिताबी मुकाबले में खेलने के प्रबल दावेदार बन गए हैं। प्रज्ञाननंदा ने ब्लूबाउम के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए ड्रॉ हासिल किया। दिन के अन्य दो मैचों में अनीश गिरी ने रूसी खिलाड़ी एंड्री एसेपेंको को हराया, जबकि चीन के वेई यी ने अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ ड्रॉ खेला।



### सिंदारोव दूसरे और प्रज्ञानानंद तीसरे स्थान पर

*अब जबकि 10 दौर का खेल बाकी है तब सिंदारोव के ठीक पीछे कारुआना 2.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि प्रज्ञाननंदा, ब्लूबाउम और नीदरलैंड के अनीश गिरी समान दो अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।*

## आंध्र प्रदेश, मिजोरम, दिल्ली सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में जीते

**राजगीर।** आंध्र प्रदेश, मिजोरम और दिल्ली ने बृहस्पतिवा को यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में 16वीं सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शानदार जीत दर्ज की। दिन के पहले मैच में डिवीजन सी के पूल ए में आंध्र प्रदेश ने पुडुचेरी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। इसी डिवीजन में मिजोरम ने असम को 6-0 से हराया।



### बी पूल में दिल्ली-तेलंगाना जीतीं

डिवीजन बी के पूल ए में दिल्ली ने एकतरफा मुकाबले में बंगाल के खिलाफ 9-1 से जीत दर्ज की। इसी पूल में तेलंगाना ने गुजरात को 20-0 से करारी शिकस्त दी जिसमें अमित दयाल ने 10 गोल दागे। डिवीजन बी के पूल बी में कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश के बीच मैच 2-2 से ड्रॉ रहा। इसी पूल के दिन के आखिरी मैच में छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 7-2 से हराया।

## एक लाख दर्शकों के बैठने की होगी क्षमता

# नवी मुंबई में बनेगा दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन नवी मुंबई में एक लाख दर्शकों की क्षमता वाला नया क्रिकेट स्टेडियम बनाने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने हाल ही में नगर एवं औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध निदेशक विजय सिंघल से मुलाकात की, जो इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए उपयुक्त जमीन तलाशने के प्रयासों का हिस्सा हैं।

### फडणवीस ने रखा था विचार

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नाइक ने बताया कि 1 लाख क्षमता वाले स्टेडियम का विचार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रखा था। उन्होंने कहा, कुछ महीने पहले माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह विचार व्यक्त किया था कि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को एक लाख दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम बनाने का प्रयास करना चाहिए। नाइक जल्द ही फडणवीस से मुलाकात करेंगे, ताकि इस परियोजना पर चर्चा कर इसे आगे बढ़ाया जा सके।



**नरेंद्र मोदी स्टेडियम है भारत और दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम**

यह स्टेडियम भारत का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। फिलहाल अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम भारत और दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। नाइक ने कहा कि यह परियोजना महाराष्ट्र के खेल ढांचे को मजबूत करेगी और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने में मदद करेगी। उनके अनुसार, इस तरह के बड़े स्टेडियम से मुंबई की अंतरराष्ट्रीय मैचों और बड़े टूर्नामेंट आयोजित करने की क्षमता बढ़ेगी।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि-2026**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :-

**04081/04082 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (सप्ताह में तीन दिन) 80 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04081 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04082 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:00 | -- |
| 12:00 | -- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 21:00 |

चलने के दिन: 04081 नई दिल्ली से दिनांक 15.04.2026 से 15.07.2026 (सोमवार, बुधवार, शुक्रवार) और 04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 16.04.2026 से 16.07.2026 (मंगलवार, गुरूवार, शनिवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
ठहराव : पानीपत, कुरुक्षेत्र जं. अंबाला कैंट, लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**04610/04609 अमृतसर - बरौनी - अमृतसर आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04610 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04609 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 20:10 | अमृतसर | 13:15 | -- |
| 02:10 | -- | बरौनी | -- | 05:05 |

चलने के दिन: 04610 अमृतसर से दिनांक 19.04.2026 से 12.07.2026 (रविवार) और 04609 बरौनी से दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 (मंगलवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
ठहराव : ब्यास, जलंधर सिटी, फगवाड़ा, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर-योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (द्वि-साप्ताहिक) 52 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04314 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04313 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | -- |
| 11:20 | -- | मुजफ्फरपुर | -- | 14:00 |

चलने के दिन: 04314 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 16.04.2026 से 12.07.2026 (गुरूवार एवं रविवार) और 04313 मुजफ्फरपुर से दिनांक 17.04.2026 से 13.07.2026 (शुक्रवार एवं सोमवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
ठहराव : हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन।

**04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-गोरखपुर-योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04316 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04315 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 01:30 | -- |
| 06:20 | -- | गोरखपुर | -- | 09:00 |

चलने के दिन: 04316 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 (मंगलवार) और 04315 गोरखपुर से दिनांक 22.04.2026 से 15.07.2026 (बुधवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
ठहराव : हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा एवं बस्ती, स्टेशन।

**01705/01706 जबलपुर - अयोध्या धाम - जबलपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01705 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01706 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 19:40 | जबलपुर | 06:45 | -- |
| 07:05 | 07:15 | वाराणसी | 17:10 | 17:20 |
| 11:25 | -- | अयोध्या धाम | -- | 13:30 |

चलने के दिन: 01705 जबलपुर से दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 (मंगलवार) और 01706 अयोध्या धाम से दिनांक 22.04.2026 से 15.07.2026 (बुधवार) तक।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
ठहराव : सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं जौनपुर स्टेशन।

**04512/04511 चण्डीगढ़-पटना जं.-चण्डीगढ़ आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04512 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04511 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:35 | चण्डीगढ़ | 21:40 | -- |
| 21:15 | -- | पटना जं. | -- | 23:15 |

चलने के दिन: 04512 चण्डीगढ़ से दिनांक 16.04.2026 से 09.07.2026 (गुरूवार) और 04511 पटना जं. से दिनांक 17.04.2026 से 10.07.2026 (शुक्रवार) तक।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य ।
ठहराव : अंबाला कैंट, सहारनपुर, रुड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेतिया, सुल्तानपुर, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।

**04520/04519 बठिण्डा-वाराणसी-बठिण्डा आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (द्वि-साप्ताहिक) 54 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04520 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04519 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 20:50 | बठिण्डा | 17:00 | -- |
| 17:30 | -- | वाराणसी | -- | 20:40 |

चलने के दिन: 04520 बठिण्डा से दिनांक 15.04.2026 से 15.07.2026 (बुधवार एवं शनिवार) और 04519 वाराणसी से दिनांक 16.04.2026 से 16.07.2026 (गुरूवार एवं रविवार) तक।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
ठहराव : रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, नजीबाबाद, मुरादाबाद बरेली, आलमनगर, उतरेतिया, रायबरेली एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन।

**04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश-कोलकाता-योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04312 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04311 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 22:20 | योग नगर ऋषिकेश | 23:30 | -- |
| 08:00 | -- | कोलकाता | -- | 13:55 |

चलने के दिन: 04312 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 17.04.2026 से 10.07.2026 (शुक्रवार) और 04311 कोलकाता से दिनांक 19.04.2026 से 12.07.2026 (रविवार) तक।
सीान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
ठहराव: हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, आलम नगर, उतरेतिया, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, एनएससी बोस गोमोह, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्धमान, बैण्डेल एवं नैहाटी स्टेशन।

**04217/04218 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी का मौजूदा मार्ग, समय सारणी, चलने के दिन एवं संरचना के साथ विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. | से-तक | पूर्व घोषित तिथि | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 04217 | वाराणसी-लखनऊ | 31.05.26 | 01.06.26 से 15.07.26 |
| 04218 | लखनऊ-वाराणसी | 31.05.26 | 01.06.26 से 15.07.26 |

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित किए गए 'सैनिक सम्मान सम्मेलन' में रक्षा मंत्री की दुश्मन देश को सख्त चेतावनी

# अगर ईरान युद्ध की आड़ में की कोई हिमाकत तो नहीं बचेगा पाकिस्तानः राजनाथ सिंह


देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं। मामले पर अफवाह उड़ाई जा रही है

मुंबई हमले में शहीद हुए मेजर संदीप उन्नीकृष्णन की शहादत को किया याद, साधा कांग्रेस पर निशाना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ईरान के साथ चल रहे अमेरिका और इजरायल के युद्ध के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पाकिस्तान को बेहद कड़े अंदाज में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारे निकट पड़ोसी दुश्मन देश ने ईरान युद्ध के पीछे छिपकर कोई दुस्साहस करने की नादानी की। तो उसे उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत की प्रतिक्रिया ऑपरेशन सिंदूर से भी ज्यादा भयंकर यानी अभूतपूर्व और बेहद निर्णायक होगी। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता की नीति आज भी कायम है और इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर भी अभी तक पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है।

यह जानकारी उन्होंने चुनावी राज्य केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित किए गए 'सैनिक सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते दी है। यहां एक ध्यान देने वाली बात यह है कि रक्षा मंत्री का यह बयान एक ऐसे समय पर सामने आया है। जब एक ओर देश में अगले महीने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मनाई जाएगी। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान मीडिया यह दावा कर रहा है कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ एक झूठे फ्लैग अभियान की तैयारी में जुटा हुआ है।



## 22 मिनट में दिया करारा जवाब

उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि इस सैन्य अभियान में भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने महज 22 मिनट के अंदर पाकिस्तान को उसकी हैसियत याद दिलाते हुए घुटनों पर ला दिया था। राजनाथ ने इस सैन्य अभियान को आतंकवाद के खिलाफ भारत का अब तक का सबसे बड़ा अभियान करार देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई हमारी शून्य सहिष्णुता की नीति आज भी जस की तस बरकरार है। ऑपरेशन सिंदूर भी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए पाकिस्तान को किसी गलतफहमी में रहने की कोई आवश्यकता नहीं है। अगर उसने कोई हिमाकत की तो बदले में उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। उन्होंने कुछ उदाहरण देते हुए बताया कि भारत ने उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक की, पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एयरस्ट्राइक की और अब पहलगाम के बाद ऑपरेशन सिंदूर किया। जिससे साफ है कि हमने हर बार आतंकवाद को करारा जवाब दिया है।

**आतंकियों ने की 26 निर्दोष लोगों की हत्या**

गौरतलब है कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 7 से 10 मई 2025 तक पाकिस्तान के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई की थी। जिसमें कुल 9 आतंकी शिविरों को पलक झपकते ही नष्ट किया गया था। इस दौरान कुल करीब 100 से ज्यादा आतंकी मार गिराए गए थे। पहलगाम के हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन टीआरएफ ने कुल 26 (भारत के 25 और नेपाल का 1 नागरिक शामिल) बेकसूर लोगों की उनका धर्म पूछकर बेहद निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी।

## होर्मुज से टैंकरों को ला रही नौसेना

राजनाथ ने कहा कि युद्ध के दौर में होर्मुज जलडमरूमध्य के इलाके से भारतीय टैंकरों को नौसेना सुरक्षित लेकर आ रही है। पश्चिम-एशिया की स्थिति सामान्य नहीं है। केरल के लोग भी बड़ी तादाद में क्षेत्र में रहते हैं। केंद्र सरकार भारतीय नागरिकों के हितों की रक्षा करने के लिए हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस संबंध में लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेताओं के साथ संपर्क साधे हुए हैं। पेट्रोल और डीजल की देश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनी हुई है। इस मामले में कमी को लेकर केवल अफवाहें उड़ाई जा रही हैं। भारत किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भारतीयों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री अपने कूटनीतिक कौशल की मदद से देश के नागरिकों के हितों की रक्षा कर रहे हैं। साथ ही वह मामले पर लगातार निगरानी भी बनाए हुए हैं। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में यह दावा भी किया कि वर्ष 2047 तक भारत की नौसेना दुनिया की एक सबसे बड़ी और शक्तिशाली नौसेना बन जाएगी।

## मेजर उन्नीकृष्णन के बलिदान को नहीं भूलेंगे

उन्होंने 2008 में हुए मुंबई आतंकी हमले में मारे गए मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उसे कोई नहीं भूल सकता है। राजनाथ ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने उनके साथ उचित न्याय नहीं किया। आतंकी हमले में मेजर उन्नीकृष्णन ने अपनी शहादत दी थी। उन्होंने मौजूदा और पूर्व सैनिकों को देश का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया और कहा कि इनकी देखभाल करना हमारे नैतिक दायित्व का हिस्सा है। इस संबंध में जरूरी कवायद आज और कल भी अनवरत जारी रहेगी।

# कराची में कृष्ण भगवान व गोपियों की 89 साल पुरानी मूर्तियां खंडित

एजेंसी ⏭ करांची

पाकिस्तान में एक बार फिर अल्पसंख्यक हिंदुओं की आस्था पर हमला हुआ है। पाकिस्तान के पंजाब सूबे के बहावलपुर जिले के अल्पसंख्यक अधिकार संगठन के चेयरमैन शिव काछी ने 'एक्स' पर लिखा कि कराची में एमए जिन्ना रोड



पर स्थित 1937 में बनाई गई ऐतिहासिक 'सगन मैसन' इमारत की दीवारों पर बनी हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां खंडित की गई हैं। उन्होंने इसे पाकिस्तान की बहुसांस्कृतिक विरासत, धार्मिक सद्भाव और अल्पसंख्यक समुदायों की भावनाओं पर किया गया हमला बताया। कहा कि अल्पसंख्यकों में भारी नाराजगी है, लेकिन पाकिस्तान की इस्लामी हुकूमत ने इस पर चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि हम इस शर्मनाक हरकत की कड़ी निंदा करते हैं।




**पश्चिम-एशिया के हालात पर ब्रिटेन द्वारा आयोजित की गई बैठक में बोले विदेश सचिव मिस्री**

# युद्ध के बीच भारत की अपील, तनाव कम करने के लिए कूटनीति-संवाद के रास्ते पर लौटें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान युद्ध के बीच गुरुवार को ब्रिटेन ने दुनियाभर के देशों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य पश्चिम-एशिया के हालात पर चर्चा पर करना था। भारत से विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने इस बैठक में भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस अहम आयोजन के दौरान मिस्त्री ने इस संघर्ष को लेकर भारत का पक्ष पूरी स्पष्टता के साथ सबके सामने रखा। जिसमें उन्होंने स्वतंत्र समुद्री आवाजाही के सिद्धांत के साथ अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों से निर्बाध आवागमन के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही कहा कि इस संकट का भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर प्रभाव पड़ रहा है। खाड़ी क्षेत्र में मालवाहक जहाजों पर किए जा रहे हमलों में जान गंवाने वाले अकेले भारत के ही नाविक हैं। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से इस विवाद का समाधान निकालने के लिए कूटनीति और बातचीत के रास्ते पर लौटने की अपील की है। बैठक का आयोजन ब्रिटेन के विदेश सचिव ने किया था। जिसमें 60 से अधिक देशों ने भाग लिया।

## पीएम मोदी से मिले मंटुरोव

वहीं, एक अन्य घटनाक्रम के तहत भारत के दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की है। पश्चिम-एशिया क्षेत्र में युद्ध और उसके पूर्व में अमेरिका द्वारा रूस से भारत की तेल खरीद पर लगाई गई रोक हटाने के बाद यह मुलाकात हो रही है। इस मुलाकात से पहले डेनिस मंटुरोव और विदेश मंत्री ने भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता भी की। जिसमें व्यापार, आर्थिक, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे विषय शामिल हैं।

**पश्चिम-एशिया के हालात पर हुई मंत्रियों के समूह की दूसरी बैठक**

# बोले राजनाथ, हालात पर चौबीसों घंटे की निगरानी संग सुनियोजित तरीके से प्रतिक्रिया देने की है आवश्यकता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में पश्चिम-एशिया के हालात पर निगरानी रखने के लिए सरकार द्वारा गठित किए गए मंत्रियों के समूह (आईजीओएम) की दूसरी अनौपचारिक बैठक हुई। जिसमें उन्होंने क्षेत्र में बने हुए हालात के मद्देनजर परिस्थितियों पर चौबीसों घंटे निगरानी को बनाए रखने और किसी भी घटना से निपटने के लिए सुनियोजित तरीके से प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता पर जोर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है। जिसमें यह भी बताया कि बैठक में विशेषाधिकार प्राप्त समूहों के सचिवों ने मंत्रियों के समूह को क्षेत्र में जारी संघर्ष को ध्यान में रखते हुए केंद्र द्वारा उठाए गए तमाम उपायों से अवगत कराया है। वहीं, समूह ने इस संघर्ष से उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले अगले कदमों के बारे में भी विचार-विमर्श किया है।




## जरूरी निर्णयों पर किया गया मंथन

समूह ने वित्त मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की है। जिनका मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार में आ रही बाधाओं के बीच उद्योगों को राहत और सहयोग प्रदान करने पर केंद्रित है। इस पूरी कवायद के जरिए केंद्र का प्रयास निवेशकों के विश्वास को बढ़ाना है। पूर्व में लिए गए विभिन्न केंद्रीय निर्णयों की भी बैठक में समीक्षा की गई। जिनकी मदद से कपड़ा, पैकेजिंग, फार्मास्युटिकल्स जैसे क्षेत्रों पर कीमतों को लेकर पड़ रहा दबाव घटेगा। इसके अलावा सप्लाई को लेकर स्थिरता को बनाए रखने के साथ ही निवेशकों को भी देश में निवेश करने के लिए स्पष्टता मिलेगी।

## बैठक में मौजूद रहे यह मंत्री

बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर, विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर, केमिकल-उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, खाद्य-सार्वजनिक वितरण मंत्री पी.जोशी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और विज्ञान-प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह शामिल हुए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109